NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.



R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 333 लखनऊ, शनिवार 20 जुलाई 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08


# प्रधानमंत्री जी ने प्राकृतिक खेती हेतु जिस अभियान को आगे बढ़ाया, उसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए – मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किये

संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से 03 वर्ष पूर्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्राकृतिक खेती हेतु जिस अभियान को आगे बढ़ाया था, उसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। पहले लोगों के मन में प्राकृतिक कृषि पद्धति को लेकर संशय की स्थिति थी, लेकिन वर्तमान में इसके प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। हमें उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बीज से लेकर बाजार तक बनाए रखना होगा। उत्तर प्रदेश में इसकी व्यापक सम्भावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री आज यहां केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा कृषि विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में देश की कुल कृषि योग्य भूमि का लगभग 12 प्रतिशत है। इसमें देश के लगभग 20 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन किया जाता है। राज्य में पर्याप्त जल संसाध ान है। हमें आज की आवश्यकता के अनुरूप उत्पादों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा, ताकि हैप्पीनेस इंडेक्स की अवधारणा को जमीनी धरातल पर उतारा जा सके। इसके लिए प्रदेश में कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। प्रदेश में 04 राज्य कृषि विश्वविद्यालय तथा 02 केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय हैं। 05वां राज्य कृषि विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। राज्य में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। इन सभी संस्थाओं, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा मंडी समितियों से प्राकृतिक कृषि उत्पादोंध्खाद्यान्नों के सर्टिफिकेशन के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने को कहा गया है।

उत्पाद बाजार तक पहुंचने पर तत्काल सर्टिफिकेशन की कार्यवाही से जोड़ा जाना चाहिए। उत्पादों की अच्छी कीमत उपलब्ध ा कराने तथा प्रचार–प्रसार लिए प्रत्येक मण्डी में इनका स्टोर बनाने की दिशा में कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। प्रदेश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों से सर्टिफिकेशन लैब को इम्प्रूव करने के लिए कहा गया है। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी। मंडी से इस धनराशि की व्यवस्था के लिए पहले से प्राविधान कर दिया गया है। वहां पहले से स्थापित लैब को अपग्रेड करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरित क्रांति का लाभ प्राप्त हुआ है। लेकिन यह अधूरा सच है। यदि आप 17वीं और 18वीं सदी में भारत के कुछ प्रान्तों में प्राकृतिक कृषि पद्धति के माध्यम से की गई खेती की उत्पादन की दरों को देखेंगे, तो आपको पता चलेगा कि विगत डेढ़ सौ वर्षों से जो पढ़ाया जा रहा है तथा वास्तविक तथ्यों में क्या अंतर है। हमें इतिहास के पन्नों को पलटना पड़ेगा। जब धरती के प्राकृतिक स्वरूप में खेती किसानी के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया, तो देश में ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि उस समय हरित क्रांति से ज्यादा उत्पादकता थी।

हरित क्रांति के पश्चात रासायनिक खादां व कीटनाशकों का प्रयोग प्रारम्भ हुआ। कुछ समय के लिए हमें उत्पादन बढ़ता हुआ दिखाई दिया। लेकिन अब जीव सृष्टि उसके दुष्प्रभावों का सामना कर रही है। रासायनिक खाद स्लो–प्वाइजन के रूप में व्यक्तियों की धमनियों में प्रवेश कर रही है। यह मनुष्यों के साथ–साथ पशुओं के लिए भी हानिकारक साबित हो रही है। विगत वर्षों में जनपद अमरोहा में हुई गोवंश की मृत्यु का कारण उनमें अत्यधिक मात्रा में फर्टिलाइजर का प्राप्त होना था। जब एक गोवंश इस केमिकल और फर्टिलाइजर के दुष्प्रभाव को बर्दाश्त करने में अक्षम है तो मनुष्य कैसे सहन कर सकता है। मुख्यमंत्री ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की ऋषि परम्परा पौराणिक काल से ही हर भारतवासी को धरती माता के प्रति आग्रही बनाती रही है। इसका प्रतिनिधित्व करते हुए आचार्य देवव्रत जी ने प्राकृतिक कृषि पद्धति को बढ़ावा देने हेतु बड़े जन जागरण अभियान को आगे बढ़ाया है। वह धरती माता को बचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़े हैं। कुरुक्षेत्र, हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात आचार्य जी के इन कार्यक्रमों का उदाहरण बने हुए हैं।

## नड्डा ने कांग्रेस को 'परजीवी पार्टी' करार दिया, कहा 'गठबंधन सहयोगियों को ही कमजोर करती है पार्टी'

एजेंसी।

नई दिल्ली जेपी नड्डा ने कांग्रेस को एक 'परजीवी पार्टी' करार दिया, जो दूसरों के वोटों की बैसाखी पर खड़ी है और गठबंधन सहयोगियों को कमजोर कर रही है। उन्होंने भाजपा की ओडिशा इकाई की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "जिन लोगों ने संविधान को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है वे ही सत्ताधारी दल को सिखा रहे हैं।पुरी (ओडिशा) । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कांग्रेस को एक 'परजीवी पार्टी' करार दिया, जो दूसरों के वोटों की



बैसाखी पर खड़ी है और गठबंधन सहयोगियों को कमजोर कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने भाजपा की ओडिशा इकाई की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "जिन लोगों ने संविधान को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है वे ही सत्ताधारी दल को सिखा रहे हैं कि लोकतंत्र की रक्षा कैसे की जाए।" नड्डा ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, "कांग्रेस एक 'परजीवी पार्टी' बन गई है और दूसरों के वोटों की बैसाखी पर खड़ी है। जिन लोगों ने संविधान को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है, वे अब हमें सिखा रहे हैं कि लोकतंत्र की रक्षा कैसे की जाए। राहुल गांधी को पता नहीं है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने संविधान का किस अलग तरीके से इस्तेमाल किया था।" उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अतीत में 90 बार निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त किया जबकि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कभी भी अन्य दलों की सरकारों को बर्खास्त नहीं किया है। नड्डा ने 'भारत के लोगों के बीच भाजपा की स्वीकार्यता' पर प्रकाश डालते हुए दावा किया कि देश की 57 प्रतिशत आबादी भाजपा का समर्थन करती है और पार्टी की सरकारें देश के 58 प्रतिशत क्षेत्र में फैली हुई हैं। नड्डा ने कहा, "हम (भाजपा) एक अखिल भारतीय पार्टी हैं, जिसकी 18 राज्यों में गठबंध ान कीसरकार हैं और इनमें से 13 में अकेले भाजपा की सरकार है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लद्दाख सहित 13 राज्यों में कांग्रेस शून्य है।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुछ राज्यों में चुनाव जीतने के लिए अन्य दलों पर निर्भर है। उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों की 64 लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था, जिसमें कांग्रेस केवल दो सीट पर जीत हासिल कर सकी जबकि भाजपा ने 62 सीटें जीतीं। " भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कांग्रेस का 'स्ट्राइक रेट' अकेले लड़े गए चुनावों में केवल 26 प्रतिशत है। नड्डा ने कहा, "कांग्रेस केवल अन्य दलों के सहारे ही बची रह सकती है।

## हमारे कल को बचाने के लिए हमारे आज के जल को बचाना आवश्यक

### हमें अपनी प्राकृतिक सम्पदाओं का संरक्षण करना होगा –स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ जल है तो कल है", जल की बर्बादी को रोकना होगा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल–संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, हमारे कल को बचाने के लिए हमारे आज के जल को बचाना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह विचार आज जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन–2024' नारी शक्ति से जल शक्ति थीम पर आधारित कार्यक्रम भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र० एवं आगा खाँ फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास से लीनेज होटल, लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में दिया। इस कार्यशाला में स्रोत स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान स्थिति एवं अवसर शीर्षक पर विभिन्न संस्थानों से जुड़े वैज्ञानिक विचारधाराओं के साथ भूजल संरक्षण एवं संचयन की वैज्ञानिक विधाओं पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि हम भविष्य की परिपाटी पर कुछ लिखकर जाना चाहते हैं तो हमें अपनी प्राकृतिक सम्पदाओं का संरक्षण करना होगा। बूँद–बूँद बचाना है, संकल्प को सफल बनाना है।जलशक्ति मंत्री ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारी अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जहां कृषि जीवनयापन का मुख्य साधन है। जल की कमी के कारण हमारी खेती और जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जल प्रबंधन करके जहां हम एक तरफ बाढ़ की विभीषिका से बचेंगे वहीं दूसरी तरफ सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी उपलब्धता करायी जा



सकेगी। हर साल, देश के विभिन्न हिस्सों में सूखे की समस्या होती है, जबकि कुछ हिस्सों में बाढ़ आ जाती है। यह विरोधाभास हमें बताता है कि जल प्रबंधन की दिशा में हमें और भी मेहनत करनी होगी। हमें जल संचयन की प्रणालियों को सुधारने की आवश्यकता है ताकि हम वर्षा के पानी को सहेज सकें और इसे जल की आवश्यकता वाले समय में उपयोग कर सकें।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल संचयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। जल केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का भी आधार है बदलते जलवायु और लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण जल संकट एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। ऐसे में 'कैच द रेन' अभियान का महत्व और भी बढ़ जाता है। 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण करना और उसे संरक्षित करना है। इसका मुख्य उद्देश्य बारिश के दौरान जल को संग्रहित करके भूजल स्तर को पुनः भरना और जल की कमी को दूर करना है।जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव द्वारा इस अवसर पर प्रदेश की नदियों, नहरों एवं जलाशयों को जीवित रखने तथा भूगर्भ जल संचयन हेतु सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाने का आह्वान किया गया और वृहद् वृक्षारोपण अभियान के साथ भूजल प्रबन्धन विधाओं, भूजल स्रोतों की सुरक्षा, संरक्षण एवं जल के दुरूपयोग को रोकने के उपायों से जन समुदाय को जागरूक किया। 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण करना और उसे संरक्षित करना है। इसका मुख्य उददेश्य बारिश के दौरान जल को संग्रहित करके भूजल स्तर को पुनः बढ़ाना और जल की कमी को दूर करना है। इस अभियान के माध्यम से न केवल जल संकट से निपटा जा रहा है, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। यह अभियान इस वर्ष 'नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम के साथ 09 मार्च से 30 नवम्बर, 2024 तक के लिए संचालित किया जा रहा है, जिसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। यह अभियान हमारे प्रदेश में जल संरक्षण के प्रति एक अभूतपूर्व कदम है।

उल्लेखनीय है कि आम जनमानस को भूजल के महत्व के प्रति जागरूक करने तथा जल संरक्षण एवं जल सम्वर्धन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 16 से 22 जुलाई, 2024 के मध्य ष्जल संरक्षण का करो प्रयास–जल ही है जीवन की आस थीम के साथ भूजल सप्ताह का शुभारम्भ जल शक्ति मंत्री, उ०प्र० श्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2024 को लखनऊ स्थित सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल (मरीन ड्राइव) चौराहा से किया गया था।

भूजल सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की प्राथमिकता पर जोर देते हुए निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र० डा० राजेश कुमार प्रजापति द्वारा विभिन्न कार्यदायी विभागों एवं करायी जा रही भूजल संचयन की गतिविधियों की उपयोगिता को चिन्हांकित किया। जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत सम्पादित कार्यशाला में आगा खाँ फाउण्डेशन के प्रमुख डा० असद उमर, भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियन्ता श्री अनुपम श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, डा० आर०एस० सिन्हा, लघु सिंचाई विभाग से सहायक अभियन्ता श्री मंगल यादव एवं अन्य पदाधि ाकारियों द्वारा अपने–अपने विचार व्यक्त किए गए। भूजल संचयन एवं भूगर्भ जल संरक्षण के दृ ष्टिकोण से यह एक सराहनीय प्रयास है जो प्रदेश में जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न

लखनऊ उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभागार में आज मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के परिक्षेत्रीयध्जनपदीय अधिकारी, प्राचार्य मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने निर्देश दिए कि खादी बोर्ड एवं माटीकला बोर्ड द्वारा निर्धारित वित्तीय और भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति तत्परता से की जाए और संबंधित सूचनाओं को पोर्टल पर अद्यतन किया जाए। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि प्रत्येक जनपद में विभाग द्वारा वितरित टूल किट्स का फीडबैक एक सप्ताह में उपलब्ध कराया जाए और पिछले वर्ष वितरित किए गए टूल किट्स का वितरण सुनिश्चित किया जाए।

यह बैठक विभागीय योजनाओं की सफल क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक उनके प्रभावी पहुंच के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित अधि ाकारीगणों ने आश्वासन दिया कि वे लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

## स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि के रूप में रू 361 करोड़ से अधिक की धनराशि की गयी प्रदान

लखनऊ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन हेतु समूहों द्वारा किये जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों को गति देने हेतु सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को मिशन द्वारा रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि प्रदान की जाती है। जिसके माध्यम से समूह सदस्यों को अपनी आजीविका संवर्द्धन हेतु कार्य किये करने के लिए प्रेरित किया जाता है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 मे रू0 361 करोड़ से अधिक की धनराशि रिवाल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि के रूप में प्रदान की गयी है, जिसके तहत मिशन द्वारा 71 जनपदों के 7,198 स्वयं सहायता समूहों को प्रति समूह रू0 30,000ध– की दर से रिवाल्विंग फण्ड रु0 21.59 करोड़ की धनराशि प्रदान की गयी है, जिसके द्वारा 72,000 परिवारों को लाभान्वित किया गया और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 70 जनपदों के 22,671 समूहों को रू0 340.065 करोड़ की धनराशि प्रत्येक सूमह को रू0 1,50,000ध– की दर से दिया गया है, इससे 20,27,000 परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस राशि से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 20 जुलाई को प्रयागराज व कौशाम्बी का दौरा

लखनऊ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 20, जुलाई 2024 को लखनऊ से प्रयागराज व फिर प्रयागराज से कौशांबी जायेगे। श्री मौर्य पूर्वाह्न 10 बजे सर्किट हाउस प्रयागराज



पहुंचेंगे उसके बाद 10.30 बजे शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओ जन अभियान (एक पेड़ मां के नाम) के तहतप्रयागराज में वृक्षारोपण करेंगे। उप मुख्यमंत्री जी अपराह्न 1.10 बजे पुलिस लाइन प्रयागराज से राज0 हेलीकॉप्टर द्वारा कौशाम्बी के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 1.40 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम टेंवा कौशाम्बी में वृक्षारोपण करेंगे उसके बाद मा0 काशीराम अतिथिगृह मंझनपुर में जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

## वाल्मीकि निगम घोटाले में कुछ लोगों का नाम लेने के लिए नागेंद्र पर दबाव बना रही ईडी

सिद्धरमैया ने कहा कि अनुसूचित जनजाति निगम घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र पर कुछ लोगों का नाम लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। चन्द्रशेखरन पी द्वारा 26 मई को आत्महत्या किए जाने के बाद नागेंद्र ने जनजातीय कल्याण मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बेंगलुरु । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित जनजाति निगम घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र पर कुछ लोगों का नाम लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के लेखा अधीक्षक चन्द्रशेखरन पी द्वारा 26 मई को आत्महत्या किए जाने के बाद नागेंद्र ने जनजातीय कल्याण मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अधि ाकारी ने अपने सुसाइड नोट में कहा कि 187 करोड़ रुपये का गबन हुआ है, जिसमें 88 करोड़ रुपये का अवैध हस्तांतरण भी शामिल है।

## यूपी में सोनम किन्नर बढ़ाई बीजेपी की टेंशन, राज्य मंत्री पद से दिया इस्तीफा, बोलीं– अधिकारी कार्यकर्ताओं की नहीं सुनते

लखनऊ संवाददाता। सोनम किन्नर ने कहा है कि चूंकि लोकसभा चुनाव में हार की जिम्मेदारी कोई नहीं ले रहा है, इसलिए वह इसे अपने ऊपर लेंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह अब सरकार के बजाय संगठन के भीतर काम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन सरकार से अधिक महत्वपूर्ण है। भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश में स्थितियां सहज नहीं दिख रही हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक और बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त सोनम किन्नर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, सरकार ने अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। सोनम किन्नर ने हाल ही में राज्यपाल से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके इस्तीफे की अटकलें लगने लगी थीं। सोनम किन्नर पहले समाजवादी पार्टी में थीं। सपा छोड़कर वह भाजपा में शामिल हुई थीं।सोनम किन्नर ने कहा है कि चूंकि लोकसभा चुनाव में हार की जिम्मेदारी कोई नहीं ले रहा है, इसलिए वह इसे अपने ऊपर लेंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह अब सरकार के बजाय संगठन के भीतर काम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन सरकार से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार के अधिकारियों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की चिंताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि सोनम किन्नर हमेशा नौकरशाही कार्यप्रणाली के खिलाफ मुखर रही हैं और उन्होंने लगातार योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई का विरोध किया है। योगी सरकार ने सोनम किन्नर को उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड (उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सोनम का पूरा नाम किन्नर सोनम चिश्ती है और वह कथित तौर पर अजमेर की रहने वाली हैं। सोनम कई वर्षों से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में समान दर्जा दिलाने के लिए काम

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 20 जुलाई 2024
sheelshukla100@gmail.com


# आरएसएस का एजेंडा लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही थोपना है– अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी है और उसके मातृ संगठन आरएसएस का एजेंडा लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही थोपना है। इन दोनों की कोशिश है कि विधानसभा के उपचुनाव में साजिश करके जैसे तैसे लोकतंत्र की पवित्रता भंग की जाए। समाजवादी पार्टी भाजपा की इन साजिशों से सतर्क है और उनके किसी भी कुत्सित इरादे को सफल नहीं होने देगी। जनता भी भाजपा को करारी शिकस्त देने के लिए मन बना चुकी है।अखिलेश यादव आज यहां समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ0 लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता संघर्ष छिड़ा हुआ है। इस कारण राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था छिन्न–भिन्न हो रही है। थाना– तहसील और दूसरे विभागों में जनता भटक रही है, बिना रिश्वत कोई काम नहीं हो रहा है। जनता त्रस्त है। भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। कहा कि भाजपा ने नफरत फैलाने के अपने एजेंडा के तहत उत्तर प्रदेश–उत्तराखण्ड में होटल, ढाबा और ठेला लगाकर जीवनयापन करने वालों को अपना नाम लिखने का सरकारी आदेश देकर साबित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर सौहार्द और



भाईचारा नहीं रहने देना चाहती है।अखिलेश यादव ने कहा कि विगत लगभग आठ वर्ष में भाजपा ने सरकार में रहते हुए विकास का कोई काम नहीं किया है। विकास भाजपा सरकार में पूरी तरह ठप्प है। भाजपा की सरकार में नौजवानों को धोखा मिला है। उनकी रोटी–रोजगार के प्रति सरकार जरा भी फिक्रमंद नहीं है। उनका भविष्य अंधकार में है। नौकरियों में छंटनी हो रही है। कहा कि भाजपा सरकार में किसान सर्वाधिक उत्पीड़ित है। किसानों की आय दोगुनी करने का झांसा दिया गया था, उसे भी पूरा नहीं किया। उसकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पाता है। भाजपा किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं देना चाहती है। भाजपा सरकार में बाजार पर पूंजी घरानों का नियंत्रण बढ़ता जा रहा है। महंगाई चरम पर है। जनसामान्य के उपयोग की सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। भाजपा सरकार महंगाई और भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना के लिए प्रतिबद्ध है। पीडीए पिछड़े दलित और अल्पसंख्यकों, महिलाओं, गरीबोंकी साझा ताकत के आगे भाजपा कहीं भी टिक नहीं सकती है। भाजपा तो जनता के जनादेश को कुचल कर सत्तासीन है। विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा के आम चुनाव मेंअब जनता जनार्दन भाजपा का सूपड़ा साफ करने को तैयार है।

## महिला कल्याण, बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य आगरा एवं फिरोजाबाद में करेंगी वृक्षारोपण

लखनऊ (आरएनएस)रू उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य कल 20 जुलाई को जनपद आगरा एवं फिरोजाबाद में 'पेंड़े लगाओं, पेड़ बचाओं' जन अभियान–2024 के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार महिला कल्याण मंत्री जनपद आगरा में प्रातः 8:00 बजे यू0पी0एस0आई0सी0, सिकन्दरा साइट–सी में तथा प्रातः 11:00 बजे जनपद फिरोजाबाद के शंकरपुर घाट (यमुना पुल के आगे) एवं 12:15 बजे फिरोजाबाद के सरकारी हास्पिटल टी0वी0 प्रांगण में वृक्षारोपण जन अभियान में हिस्सा लेंगी। महिला कल्याण मंत्री ने पेड़ लगाओं, पेड़ बचाओं जन अभियान–2024 के तहत अधिक से अधिक जन सहभागिता की अपील की है।

## खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बाराबंकी में कल वृक्षारोपण करेंगे

लखनऊ उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री, श्री सतीश चन्द्र शर्मा कल 20 जुलाई को जनपद बाराबंकी में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' जन अभियान 2024, के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री जनपद बाराबंकी में मध्यान्ह 12:00 बजे तहसीलध् नगर पंचायत–रामसनेहीघाट में वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। श्री शर्मा ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक पेड़ लगायें और वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनायें।

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह जनपद बरेली एवं बदायूं में कल वृक्षारोपण करेंगे

लखनऊ (आरएनएस)रूउत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवम राजनैतिक पेंशन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह कल 20 जुलाई को जनपद बरेली तथा जनपद बदायूं में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' जन अभियान 2024, के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पशुधन मंत्री बरेली में प्रातः 10:00 बजे रामगंगा नगर योजना के ब्रम्हपुत्र ब्लाक के पार्क में तथा अपराह्न 12.30 बजे सेखूपुर शुगर मिल, कादर चौक रोड, बदायूँ में वृक्षारोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। श्री सिंह ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और वृहद वृक्षारोपण अभियान में सहभागी बन इसे सफल बनाने की अपील की है।

## पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार हेतु 07 करोड़ 50 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ (आरएनएस)रू उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु विकास के तहत गायों एवं भैंसों में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा वैफ के माध्यम से प्रजनन सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये सात करोड़ पचास लाख मात्र की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है । यह धनराशि जिला योजना (कंपोनेंट) के तहत स्वीकृत की गई है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना के तहत किया जाएगा।

इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए प्रदेश के मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकारध्राज्य सरकार द्वारा एस.सी.एस.पी.ध्टी.एस.पी. हेतु निर्धारित मानकोंध्अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्ययध्उपयोग उसी मदध्प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है।

## वाहन पोर्टल की सुविधा से मोबाइल नम्बर अपडेट करा लें वाहन स्वामी

लखनऊ (आरएनएस) उत्तर प्रदेश के अपर परिवहन आयुक्त (आईटीध्प्रवर्तन) ए0के0 सिंह ने कहा कि प्रवर्तन टीम द्वारा जांच के दौरान यह बात सामने आ रही है कि बहुत से वाहनों के रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर या तो गलत पड़ा है या अपडेट नहीं है। उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों के वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर अपडेट न हो या गलत पड़ा हो, वे विभाग की osclkbV http://www.parivahan.gov.in खोलकर अपना मोबाइल नम्बर सही करा सकते हैं। बताया कि मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिए वाहन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सेवाओं पर क्लिक करें और वाहन संबंधी सेवा चुने। तत्पश्चात राज्य चुने, वाहन नम्बर दर्ज करें और प्रोसीड बटन पर क्लिक करें। दी गयी सेवाओं में से मोबाइल नम्बर अपडेट (आधार आधारित विकल्प चुने) तत्पश्चात फार्म में पंजीकरण संख्या, पूर्ण चेचिस नम्बर, पूर्ण इंजन नम्बर, पंजीकरण तिथि और फिटनेसध्पंजीकरण की समाप्ति तिथि भरें और शो डिटेल बटन पर क्लिक करें। आधार नम्बर, आधार में अंकित नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज करें, एग्री चेक बाक्स पर क्लिक करें, इसके बाद वेरीफाइ बटन पर क्लिक कर अपनी डिटेल देखें। अब मोबाइल अपडेट बटन पर क्लिक करें।

## गैंगस्टर, डकैती व लूट के मामलों में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। महेशगंज पुलिस ने गैंगस्टर, डकैती व लूट समेत कई मामलों में शामिल आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बृजेन्द्र कुमार यादव पुत्र दानपाल निवासी मदामई लालगंज पर जिले के विभिन्न थानों में एक दर्जन संगीन अपराधों में मामले दर्ज हैं। अपराधी बृजेन्द्र ने एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के गोपाल पाण्डे का पुरवा में गैस डिलीवरी वैन चालक से दो साथियों संग तमंचे के बल पर 27 हजार की लूट की थी। थाने के दारोगा देव नारायण की टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के मंछेहा रोड पर बाइक समेत तमंचा व कारतूश के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## लूट में शामिल आरोपी महिला गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कुण्डा थाना क्षेत्र के गयासपुर गॉव निवासी छोटेलाल गौतम पुत्र शिव बालक के घर घुसकर 06 जुलाई की रात चोरों चोरी की थी। विरोध करने पर छोटेलाल की बेटी के पैर में लुटेरों ने गोली मार दी थी। लुटेरों ने घर में रखे नकदी, खाद्यान्न व कपड़े आदि चुरा ले गये थे। इस संबध में पुलिस ने पहले ही दो लुटेरे शुभम दूबे व चण्डिका प्रसाद को जेल भेज चुकी है। आरोपी चण्डिका प्रसाद पर आधा दर्जन से अधिक संगीन मामले जिले के थानों में दर्ज हैं। लुटेरों के साथ शामिल आरोपी महिला नीलम पाण्डे पुत्र अम्बिका प्रसाद पांडे निवासी जमलामऊ बाघराय को शुक्रवार को एसपी आफिस गेट से गिरफ्तार कर लिया।

## एसपी ने परेड की ली सलामी, कराया गया टोलीवार ड्रिल

प्रतापगढ़। एसपी डा0 अनिल कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण कर अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल गराया गया। एसपी ने एम टी शाखा व यूपी 112 की पीआरवी गाड़ियों का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को आपराधिक घटनाओं में साक्ष्य संकलन क्राइम सीन को सुरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया गया। शस्त्र ड्रिल का अभ्यास कराते हुए जरूरी जानकारी दी गई। एसपी ने निर्माणाधीन बिल्डिगों का भी निरीक्षण किया। मेस में भोजन की गुणवत्ता को देखा। इसके अलावा उन्होंने शस्त्रागार, कैंटीन, बैरिकों स्टोर क्वार्टर गार्ड व विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण कर जरूरी सुझाव दिए।

## शिक्षकों ने पेंशन का विकल्प पत्र भराने की मांग को लेकर प्रभारी बीएसए को सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय पर प्रभारी बीएसए शिव बहादुर मौर्य को ओल्ड पेंशन देने का विकल्प मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि केन्द्र सरकार की तरह ओपीएस मेमोरेण्डम के विज्ञापन के आधार पर एक अप्रैल 2005 के पहले शिक्षकों व कर्मचारियों को आपीएस पेंशन का विकल्प भराया जाएगा। प्रदेश के कुछ जिलों में इस आशय का पत्र बीएसए द्वारा जारी किया गया है। शिक्षकों ने मांग किया कि जिले में भी इस तरह का आदेश निर्गत किया जाना चाहिए। इस मौके डा0 विनोद त्रिपाठी, राजीव सिंह, आदित्य सोमवंशी, राजेश पांडे, रवीन्द्र सोनी, हीरालाल मौर्य, सीपी राव, मंजीत सरोज, ओम प्रकाश समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## जय हिंद अभियान में लोगो से किया संपर्क

प्रतापगढ़। हरे राम सेवा संस्थान और संग्राम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान पमें जय हिंद जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के माध्यम से जनसंपर्क स्थापित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आजादी के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना था।इस संपर्क अभियान के माध्यम से आजादी के उन गुमनाम नायकों को भी याद किया गया। जिनका नाम इतिहास के पन्नों में कहीं छिप सा गया है। यह मुहीम हरे राम सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ. अनंत सिंह ,असिस्टेंट प्रोफेसर, सीएमपी डिग्री कॉलेज और संग्राम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह ,राष्ट्रीय सचिव दीपक के द्वारा शुरू की गई।अभियान के दौरान डॉ. शिखा दरबारी ,मुख्य आयकर आयुक्त, प्रयागराज ,श्री प्रताप गोपेन्द्र आईपीएस,प्रयागराज डॉ. अनिल पांडेय ,असिस्टेंट प्रोफेसर, सीएमपी डिग्री कॉलेज,अधिवक्ता ओ.पी सिंह, शिव नंदन गुप्ता ,संरक्षक, भारत विकास परिषद ,मंगलम शाखा ,डॉ संजीत सिंह चौहान ,असिस्टेंट प्रोफेसर ,बैसवाड़ा डिग्री कॉलेज ,जितेंद्र शर्मा डायरेक्टर,सीडीपीए,डॉ. सुषील कुमार सिंह ,पृथ्वी राज चौहान मौजूद रहे।

# अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में महाकुंभ–2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए होम–स्टे तैयार कराये जायेंगे

## भवन स्वामियों को स्वरोजगार तथा आमदनी के स्रोत बढ़ेगे-जयवीर सिंह

लखनऊ (आरएनएस)रू प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाने की तैयारी है। योजना से एक तरफ जहां पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ–साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, वहीं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि होम–स्टे से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को एक नया परिवेश मिलेगा। साथ ही प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति को नजदीक से देखने और समझने का अवसर प्राप्त होगा।यह जानकारी पर्यटन मंत्री ने देते हुए बताया कि प्रयागराज में छह माह बाद भव्य और दिव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारी चल रही हैं। इस बार 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसी पूर्ति के लिए होटल आदि के साथ–साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी होम स्टे योजना भवन स्वामियों के लिए आय के बड़े अवसर के रूप सामने आई है। जिस किसी मकान मालिक के पास पर्यटकों को ठहराने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हैं वह अच्छी–खासी कमाई कर सकता है। क्योंकि महाकुंभ में बड़ी संख्या में पर्यटक संगमनगरी आएंगे। इन्हें ठहरने के लिए बड़ी संख्या में कमरों की आवश्यकता होगी। भवन स्वामी का लाभ लेने के लिए क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पेइंग गेस्ट योजना का उद्देश्य आवासीय सुविधाओं में वृद्धि के साथ ही साथ ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने हेतु अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों, उनको अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराना है। इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पेइंग गेस्ट प्रदेश में महत्वपूर्ण ठहराव स्थल के रूप में सामने आए हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद वहां प्रतिदिन भक्तों की भाड़ी भीड़ आ रही है। बड़ी संख्या में लोग पेइंग गेस्ट में ठहरते हैं। यहां होटल की तुलना में कम किराया है और पारिवारिक माहौल है। भोजन और नाश्ता की सुविधा भी उपलब्ध है। इस समय अयोध्या में एक हजार से ज्यादा पेइंग गेस्ट हैं। भवन स्वामियों के लिए यह योजना रोजगार के रूप में वरदान साबित हुई है।

# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज, देहरादून में प्रवेश हेतु करे आवेदन

## 01 दिसंबर को राजकीय जुबिली इंटर कालेज लखनऊ में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ (आरएनएस) राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून ने सत्र जुलाई, 2025 के लिए कक्षा–8 में प्रवेश हेतु सूचना जारी की है। यह विद्यालय रक्षा मंत्रालय के अधीन एक अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है, जो 1922 में स्थापित हुआ था और इसका उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं के लिए छात्रों को पूरी तरह से तैयार करना है ताकि उन्हें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे में अग्रिम प्रशिक्षण हेतु भेजा जा सके। प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों और छात्राओं को लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित किया जाएगा, जो 1 दिसंबर, 2024 को लखनऊ के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी।उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) रेखा दिवाकर ने बताया कि उम्मीदवार की आयु 1 जुलाई, 2025 को 11.5 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसे 1 जुलाई, 2025 तक किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा–7 में अध्ययनरत होना चाहिए या कक्षा–7 उत्तीर्ण कर चुका होना चाहिए। परीक्षा तीन चरणों में होगीरू गणित, सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी की लिखित परीक्षा, बौद्धिक ज्ञान और व्यक्तित्व परीक्षण की मौखिक परीक्षा, और अन्य राज्यों के केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए विशेष प्रावधान। आवेदन पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून की वेबसाइट (ृतपउबण्हवअण्पद) से ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है, जहां सामान्य जाति के उम्मीदवारों को रू0 600 और अनुसूचित जातिध्जनजाति के उम्मीदवारों को रू0 555 का भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र 30 सितंबर, 2024 तक उप शिक्षा निदेशक (मा0), छठा मण्डल, लखनऊ–226003 के कार्यालय में पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा पहुंच जाना चाहिए। गलत जानकारी देने या जाली दस्तावेज जमा करने पर संबंधित माता–पिता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहरादून की वेबसाइट www.rimc.gov.in पर जाएं।

# डीएम ने समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को दी चेतावनी, निर्धारित समय में पूरा करें निर्माण




प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन सभागार में 50 लाख रु0 से अधिक लागत के परियोजनाओं की समीक्षा की। उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे आईटीआई जरियारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़, 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय बैरमपुर सुवंशा, 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत के निर्माण के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिया कि परियोजनाओं का कार्य निधारित समय सीमा में पूरा कर हस्तगत किया जाये। इसी प्रकार थानो के आवासीय एवं अनावसीय भवन, पुलिस चौकी, आईटीआई पट्टी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण की भी समीक्षा कर निर्देश दिये गये। यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0) द्वारा कराये गये आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक धंसने से कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगायी। एक सप्ताह के भीतर ठीक करने को कहा। सी0 एण्ड डी0एस0 यूनिट–10 प्रयागराज द्वारा ड्रग वेयर हाउस के निर्माण में देरी पर नाराजगी जताई। डीएम ने सीडीओ से कहा कि जांच कराकर घटिया निर्माण मिले तो कार्यवाही करें। इसी तरह पचास लाख के ऊपर के निर्माण कार्यों की डीएम ने बारी–बारी से समीक्षा कर जिम्मेदारों की नकेल कसी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि निर्माण कार्यो में देरी व गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धत अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कृत्रिम अंग लेने के लिए ब्लाक शिविर में करायें पंजीकरण–डीएम

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण दिया जा रहा हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें विगत 03 वर्षो से सहायक उपकरण नही मिले हैं, दिया जाना है। डीएम ने दिव्यांगों से कहा है कि लाभ लेने के लिए विकास खण्डवार लगाये जा रहे शिविर में अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होने बताया है यह शिविर आसपुर देवसरा ब्लाक में 22 जुलाई, पट्टी में 23 जुलाई, बाबा बेलखरनाथधाम में 24 जुलाई, मंगरौरा में 25 जुलाई, गौरा में 26 जुलाई, शिवगढ़ में 27 जुलाई, सदर में 29 जुलाई, मानधाता में 30 जुलाई, सण्ड़वा चन्द्रिका में 31 जुलाई, लक्ष्मणपुर में 01 अगस्त, लालगंज में 02 अगस्त, सांगीपुर में 03 अगस्त, रामपुर संग्रामगढ़ में 05 अगस्त, कालाकांकर में 06 अगस्त, बाबागंज में 07 अगस्त, कुण्डा में 08 अगस्त एवं बिहार ब्लाक परिसर में 09 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। पात्र दिव्यांग विभाग की वेबसाइट पर अपना आनलाइन आवेदन करते हुये वांछित प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन शिविर में जमा कर दें। डीएम ने बताया कि दिव्यांग पेंशन, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आनलाइन आवेदन, यूडीआईडी कार्ड सम्बन्धित जानकारी का भी प्रचार प्रसार किया जाना है। शिविर में दिव्यांगजन दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दो फोटो एवं मोबाइल नम्बर आदि के



साथ शिविर में उपस्थित होना है। अपना पंजीकरण सम्बन्धित विकास खण्डों, तहसील परिसर, नगर पालिका परिसर में निर्धारित तिथियों में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 4 बजे तक करा सकते है। शिविर में सहायता के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहेगे।

## सहायक आयुक्त बनने पर उमरवैश्य महासभा ने किया सम्मानित

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के बाबूगंज निवासी शुभम उमरवैश्य पुत्र राजेश का चयन संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सहायक आयुक्त भविष्य निधि के पद पर हुआ है। शुभम के चयनित होने पर उमरवैश्य समाज ने खुशी जाहिर की है। उमरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य की अगुवाई में रोशनलाल उमरवैश्य, गुलाबचंद, शोभनाथ, मदनलाल, महादेव, कैलाश मौजूद रहे।

# तैराकी चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्रा ने जीता गोल्ड

लखनऊ, 19 जुलाई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा–11 की प्रतिभाशाली छात्रा अली जेहरा ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट सब–जूनियर एण्ड जूनियर स्विमिंग चौम्पियनशिप–2024 में गोल्ड मेडल मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस चौम्पियनशिप में अली जेहरा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वाटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, कानपुर रोड के तरणताल पर किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. छात्रा ने गोल्ड मेडल जीतकर जीतकर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।



# उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ बाल संरक्षण से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा की

इलाहाबाद रूमाननीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में सम्बंधित विभागों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मा0 अध्यक्ष महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पी0एम0 केयर योजना, स्पान्सरशिप योजना, सपोर्ट पर्सन, वन स्टाप सेन्टर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' थीम पर नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने स्कूलों के पास 100 मीटर की दूरी पर पान, गुटका आदि की दुकानों को प्रतिबंधित करने के लिए कहा है। उन्होंने मण्डल के सभी जिला



विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा है कि उसकी सूची जिला प्रोबेशन कार्यालय में 15 दिनों के अंदर उपलब्ध करायें। उन्होंने स्कूलों में प्रार्थना सभा में जाकर बच्चों को नशे के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने ड्रग विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चे नारकोटिक्स की दवाई न खरीदे, इसके लिए मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगाये जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने पोस्टरों पर हेल्पलाइन नम्बर एवं बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी लिखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में पोस्टर एवं पेंटिंग के माध्यम से ग्राम सभाओं में बच्चों को जागरूक किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। इसके साथ ही बाल भृक्षावृत्ति वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों का एडमिशन कराने एवं बच्चों को नियमित शिक्षा ग्रहण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। मा0 अध्यक्ष महोदय ने यू–डैश पर कितने विद्यालय है, इसकी जानकारी ली। बाल यौन शोषण की समीक्षा करते हुए इससे सम्बंधित मामलों में पुलिस विभाग को सही से जांच करने के लिए कहा है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, उप निदेशक प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन सहित अन्य विभागों के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईटीओ कंपनी के सहयोग से डूडा उपलब्ध करवाएगा पिंक ई-रिक्शा

अयोध्या(आरएनएस)। प्रदेश की योगी सरकार में रामनगरी में अब महिलायें पिंक ई–रिक्शा चलाती नजर आएंगी। शहर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अलग से ई–रिक्शा चलेंगे। इनमें ड्राइवर भी महिलाएं ही होगी। ये ई–रिक्शा पिंक कलर के होंगे। नगर निगम में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत "पिंक ई–रिक्शा प्रोजेक्ट" पर काम शुरू किया गया है। परियोजना अधिकारी नगरीय विकास अभिकरण यामिनी रंजन ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत शहर की महिलाओं को पिंक ऑटो रिक्शा उपलब्ध करवाए जाएंगे। ईटीओ मो प्रा लि के सहयोग से इन महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रतिदिन 400 या 500 रुपए के हिसाब से जमा करना होगा। बाकी शेष कमाई उनकी आमदनी होगी। साथ ही पिंक ई रिक्शा की पार्किंग चार्जिंग,रख रखाव सब कंपनी करेगी।

उन्होंने बताया कि पिंक ई–रिक्शा से न सिर्फ इन महिलाओं को आजीविका मिलेगी, बल्कि स्कूल कॉलेज जाने वाली बच्चियों के अभिभावकों एवं महिलाओं की रोज शहर में यात्रा करते वक्त होने वाली असुरक्षा की भावना भी दूर होगी। पीओ ने बताया कि पिंक ई–रिक्शा प्रोजेक्ट के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से निशुल्क आवेदन लिए जा रहे हैं। जो महिलाएं समूह से नही जुड़ी हैं उन महिलाओं को डे एनयूएलएम योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा भी जाएगा। प्रत्येक स्वयं सहायता समूह में 10 महिलाएं होंगी। योजना के तहत पूर्व में बने हुए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी इसका हिस्सा बन सकेंगी।

बता दें कि इन महिलाओं को ऑटो रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।

प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। जिले में अभी तक इस योजना का कुल लक्ष्य 50 महिलाओं का रखा गया है। जिसमे वर्तमान समय मे 9 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। लक्ष्य के सापेक्ष बाकी महिलाओं से आवेदन और चयन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य स्थान जहां महिलाओं एवं बच्चियों का ज्यादा आना–जाना रहता है, मुख्य बाजार, बस स्टैंड के पास, कॉलेज के पास ई–रिक्शा स्टैंड बनाए जाएंगे, ताकि इन ई– रिक्शा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। नगरीय विकास अभिकरण ने जरूरतमंद महिलाओं से इस योजना में शामिल होने के लिए आवेदन मांगे हैं।

# ईमानदारी से प्रयत्न करने पर मिलती है सफलता–डा.दिनकर कुमार

## सिरातुल मुस्तकीम डिग्री कालेज में लगा निः शुल्क रोजगार जागरूकता कार्यक्रम



सुलतानपुर (आरएनएस)। शुक्रवार को हाजी मो० हनीफ मेमो० इंटर कॉलेज व सिरातुल मुस्तकीम डिग्री कॉलेज हनीफ नगर लोलेपुर सुल्तानपुर में जिला सेवा योजन कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) सुल्तानपुर विभाग द्वारा निःशुल्क रोजगार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कंचन पाण्डेय यंग प्रोफेशनल कैरियर काउंसलर श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छात्रध्छात्राओं की निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग व कैरियर काउंसलिंग की गई। तत्पश्चात जिला सेवा योजन अधिकारी डॉ० दिनकर कुमार ने छात्रध्छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ साथ अपने कैरियर का निर्माण कैसे कर सकते है और जो छात्रध्छात्रा अपने कैरियर को बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयत्न करेगा, उसे अवश्य ही सफलता अर्जित होगी। आप जो भी रोजगार हेतु या कंप्यूटर ट्रेनिंग हेतु रजिस्ट्रेशन जो कि निःशुल्क है कार्यालय आकर या हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर कर सकते है। और जो 18 वर्ष से ऊपर है वो भी वेबसाइट के माध्यम से रोजगार की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर ओम प्रकाश वरिष्ठ सहायक जिला सेवा योजन कार्यालय, हाजी मो0 हनीफ मेमो0 इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य माजिद अहमद, सिरातूल मुस्तकीम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 अब्दुल रशीद, जफरे आलम, सरिता तिवारी, कार्यालय अधीक्षक विनय प्रकाश पाठक और कॉलेज के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

सुल्तानपुर (आरएनएस)। जिले में जगह–जगह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। तो वहीं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर 450 पौधे रोपित किए गए। एक पेड़ मां के नाम लगाकर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह, उप निरीक्षक तनवीर खान, हेड कांस्टेबल शशिकांत यादव, विजेंद्र कुमार, आकाश सिंह, विजय यादव, विजय सिंह, विरेन्द्र यादव, अनीश कुमार, अनिल पटेल, धर्मराज यादव, समेत कोतवाली देहात का समस्त स्टाफ मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि थाना परिसर में थाने के सभी स्टाफ ने एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए पौधा रोपण का कार्य किया गया है।



# स्काउट गाइड फैलोशिप की राज्य स्तरीय बैठक सम्पन्न

अयोध्या(आरएनएस)। इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप की उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक कार्यकारिणी बैठक जिंगल बेल अकादमी में राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति कल्पेश एस. झावेरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विद्यालय के स्काउट गाइड दल ने बुके भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक मैक मेकी और महासचिव सीमा राठी ने फेलोशिप के बारे के सभी को बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार जोशी ने अतिथियों को सम्मानित किया। बैठक में समाज कार्य में अपना विशेष योगदान देने के लिए विद्यालय के स्काउट गाइड आदर्श मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, पार्थ सूद, आराध्या वैश्य,प्रशांत शर्मा,श्रद्धा वर्मा को प्रमाण पत्र देकर न्यायमूर्ति झावेरी ने सम्मानित किया। बैठक में अनूप मल्होत्रा,निधि महेंद्रा,विवेकानंद पांडेय, विद्यालय के स्काउट मास्टर बृजेंद्र कुमार दुबे, गाइड कैप्टन संगीता चौरसिया ने विशेष योगदान प्रदान किया।

# स्मार्ट फोन के बदले मांगा पैसा तो मुखर हुए कांग्रेस छात्र नेता

सुल्तानपुर। लंभुआ ब्लॉक स्थित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की छात्रा शालू शुक्ला ने कालेज प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि शासन के द्वारा वितरित हो रहे स्मार्ट फोन के लिए कालेज प्रशासन द्वारा 4500 रुपए की मांग की जा रही है और पैसा न देने पर छात्रा को प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी भी दी जा रही है। जिसकी सूचना मिलते ही कांग्रेस छात्र नेता मानस तिवारी जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध किया है और बताया कि छात्रा के साथ हम कदम से कदम मिला कर खड़े है और यदि प्रशासन यथोचित कार्यवाही नही करता है तो विद्यालय के खिलाफ छात्र आंदोलन होगा और किसी भी महाविधालय को छात्र और छात्रा के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा ।

# नियम विपरीत मिस्त्री "कानफोडू साइलेंसर" बनाये तो सूचित करें:-यातायात विभाग

सुल्तानपुर (आरएनएस)। नारायणपुर स्थित कान्वेंट स्कूल में यातायात महकमें ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय परिसर में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बताया गया कि वाहन न चलाएं। मोड़ पर वाहन की गति धीमी करें। कानफोडू साइलेंसर न लगवाएं। यह भी कहा गया कि यदि कोई मिस्त्री साइलेंसर को नियम विपरीत मोडिफाई करे तो फौरन सूचित करें। इस मौके पर यातायात ट्रैफिक के क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार इंस्पेक्टर राम निरंजन समेत विभाग के कई स्टाफ रहे।

# अयोध्या पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता व पूर्व सांसद निर्मल खत्री से मिलते प्रदेश अध्यक्ष

अयोध्या(आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को फैजाबाद जेल पहुंचे। जहां निरुद्ध कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। जिला कारागार गेट पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि फैजाबाद के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जिला प्रशासन ने दमनात्मक कार्रवाई की है जिसकी हम निंदा करते हैं। इस दौरान बड़ा आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या में विकास के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया गया। मंदिर निर्माण के पूर्व कौड़ियों के दाम में खरीदी गई जमीन रातों–रात करोड़ों में बेच दी गई। पहले ही बरसात में अयोध्या के विकास की कलई खुल गई। अयोध्या में ज्यादातर काम और प्रमुख व्यापारिक स्थल गुजराती कंपनियों को दे दिए गए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या नगर निगम द्वारा बिना टेंडर आउटसोर्सिंग के गुजरात से जुड़ी एक कंपनी को पिछले तीन सालों से करोड़ों का अवैध भुगतान किया जा रहा है।कंपनी का नाम ।ठ म्दजमतचतपेमे है और कागजों में इसका पता मेहसाणा गुजरात है। पिछले तीन सालों से बिना टेंडर के इस कम्पनी को हजारों कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के लिए लगातार विस्तार दिया जा रहा है। 2020–2021 में इसका पहली और अंतिम बार टेंडर हुआ था, तब से कोई टेंडर न देकर इसको विस्तार पर विस्तार देकर पैसे डकार लिए गए। यूपी सरकार का शासनादेश है कि एक वर्ष से अधिक किसी भी सूरत में बिना टेंडर भुगतान हो ही नहीं सकता। लेकिन, अयोध्या नगर निगम में बड़ा गोलमाल आज भी जारी है। पत्रकारों से मुखातिब राय ने प्रश्न किया कि प्रभु राम की नगरी में यह धोखाधड़ी का खेल कब तक चलेगा? लोकसभा चुनाव में अपनी करनी का परिणाम भुगतने के बाद भी भाजपा वालों को सद्बुद्धि नहीं आ रही है।

खैर! जल्दी ही जनता इन लोगों का प्रदेश से सुपड़ा साफ करने की तैयारी में है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गोंडा ट्रेन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कहा देश में ट्रेन हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गोंडा के समीप डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रेल मंत्री को इन घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वे सत्ता सुख लेने में मशगूल हैं। अगर विभाग नहीं सम्भल रहा तो छोड़ के हट जाएं! जनता की जान से खिलवाड़ क्यों कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी सरकार द्वारा शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस पर रोक लगाना और लखनऊ के इंद्रप्रस्थ नगर, पंतनगर, खुर्रम नगर, अबरार नगर, शिवानी बिहार में बुलडोजर कार्रवाई को स्थगित करने का निर्णय यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा की सोची–समझी चाल है। देश के अन्य राज्यों में सम्पन्न हुए उपचुनावों तथा लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिली हार से डरी भाजपा उत्तर प्रदेश के साथ एक बार फिर छल करने की तैयारी में है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री के उस आदेश की भी कड़े शब्द में निंदा की जिसमें कावड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों को और ठेले , खोमचे वालों को अपने दुकान के आगे अपना नाम लिखना आवश्यक किया गया है। उन्होंने इस तरह की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और विघटनकारी बताया।

# ईओ ने शातिपूर्ण ढंग से कराई बोर्ड की बैठक

## -नगर पंचायत के सदस्यों में दिखा उत्साह

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस)। क्षेत्र की नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी बोर्ड की तृतीय बैठक नगर पंचायत कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। ईओ सचिन कुमार पटेल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से इस बार संपन्न हुई बैठक को लेकर सदस्यों में काफी उत्साह दिखा। नगर पंचायत खिरौनी में चेयरमैन रेशमा भारती की अध्यक्षता में नगर पंचायत बोर्ड की तीसरी बैठक संपन्न हुई। इस दौरान चेयर मैन रेशमा भारती व अधिशाषी अधिकारी सचिन कुमार पटेल की मौजूदगी में सभी पंद्रह सदस्यों ने बारी – बारी से अपने वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा तो अध्यक्ष रेशमा भारती द्वारा सदस्यों से उनके वार्ड में होने वाले मुख्य विकास कार्यो का प्रस्ताव मांगा।

इस दौरान सदस्यों ने अपने वार्डो से संबधित जल निकासी को लेकर नाली निर्माण सड़क निर्माण,सोलर लाइट के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था का प्रस्ताव सौंपा। अध्यक्ष रेशमा भारती ने बरसात के मद्देनजर नाली निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो अति आवश्यक विकास कार्य है। उन्हे प्रथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। टैक्सी स्टैंड का ठेका उठाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक के अंत में नगर पंचायत अधिकारी सचिन पटेल ने कहा कि जो प्रस्ताव सदस्यों द्वारा दिया गया है। उनकी जांच करवाकर प्राथमिकता के आधार पर करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से लगभग दो करोड़ रूपए के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसमें नगर पंचायत में साफ – सफाई को उत्तम व्यवस्था बनाने के साथ चार गेट बनाने का कार्य प्रस्तावित पारित किया गया है। इस बार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई बैठक से सदस्यों में काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर चौयरमैन प्रतिनिधि डा. राम सुमेर भारती, कुलदीप पांडेय,स्वास्ति सिन्हा, सभासद फरीद अहमद, राम सहाय, आशीष श्रीवास्तव, शुभम यादव, सफीक अहमद, अजय रहे।

# –कृषि विवि में स्वस्थ भारत के नौवें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद का उद्घाटन

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्वस्थ भारत के नौवें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद का शुभारंभ हुआ। "अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री डा. खादर वली मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया, सभापति स्वास्थ्य संसद, कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद डा. आर. के सिन्हा, अयोध्या मेयर महंत गिरिशपति त्रिपाठी और आयुर्वेदाचार्य डा. हितेश चंद्र ने जलभरो कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए पद्मश्री डा. खादर वली, मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया ने कहा कि हमारे शरीर में बीमीरियों का मूल कारण आहार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे शरीर में एक साथ कई बीमारियां हैं। डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, थायराइड, मेंटली परेशानी आदि बीमारी से मनुष्य जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य स्वास्थ्य के लिए नहीं बल्कि अस्पताल के लिए कार्य कर रहा है। डा. वली ने कहा कि अगर मनुष्य स्वस्थ रहेगा तो उसे अस्पताल में जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को सही रखना है तो चावल और गेहूं छोड़ना होगा और श्रीअन्न को अपनाना होगा।

खाद से तैयार अनाज का सेवन मनुष्य कर रहा है जिसके कारण खून का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है और कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रहीं हैं। मनुष्य अगर रागी, सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी का सेवन करे तो सुगर, बीपी और थायराइड जैसी बीमारी को छह महीने के अंदर दूर कर सकता है। श्रीअन्न का प्रयोग कर गाढ़े खून के संतुलन को सही रख सकते हैं। स्वास्थ्य संसद के सभापति कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मिलेट्स का महत्व सिर्फ स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कृषि विवि द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर मोटे अनाज की खेती हो रही है।

कुलपति ने कहा कि देश का यह पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसे पहले चक्र में ही नैक में ए ++ ग्रेड प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विवि के एनआईआरएफ रैंकिंग में शामिल होने के बाद विवि में अफगानिस्तान, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, वियनताम और नेपाल के विदेशी छात्रों का प्रवेश हुआ। नैक में सफलता के बाद आने वाले समय में विश्वभर से छात्र–छात्राएं इस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्यसभा सांसद डा.आर. के सिन्हा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इम्युनिटी सिस्टम और संतुलन को सही रखना होगा। वर्तमान समय में हार्मोनल संतुलन नहीं होने के कारण महिलाएं अधिकतर अस्वस्थ रहतीं हैं। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना है तो बाजारों और डेरी के दूध को त्यागना होगा। रिफाइंड तेल का प्रयोग हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है और कोल्हू का शुद्ध तेल खाने में प्रयोग करें। मेयर महंत गिरिशपति त्रिपाठी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शाम के समय भोजन नहीं करें और पौष्टिक आहार का प्रयोग करें। आयुर्वेदाचार्य डा. हितेश चंद्र अमृत काल पर व्यंग करते हुए कहा कि मिट्टी, पानी, हवा और दूध सब जहरीला है तो अमृत किस बात का। उन्होंने कहा कि अन्न को ही ब्रह्म मानकर प्रकृति के अनुसार ग्रहण करें। मनुष्य को ऋतु बुक, मित्र बुक और अल्प बुक होना चाहिए।

इससे पहले विश्वविद्यालय की छात्राओं ने कुलगीत की प्रस्तुति दी और डा. मीनाक्षी पांडेय ने मंगला चरण गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। मनीषा के मिलेट सांग "रहना है अगर निरोग तो खाओ श्रीधान्यम". ..ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर स्वस्थ भारत स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह का अहम योगदान रहा। सभी अतिथियों का स्वागत संबोधन स्वस्थ संसद के चेयरमैन आशुतोष कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डा अल्का सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि एवं गीतकार मनोज सिंह 'भावुक' ने किया।

# प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में 6 करोड़ भक्त करेंगे स्नान – महंत मुरली दास

अयोध्या(आरएनएस)। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ लगेगा, शुक्रवार को अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रहे श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज के हनुमानगढ़ी स्थित आश्रम में निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्यदेव दास और नंदराम दास का स्वागत संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास और महंत माधव दास महाराज के साथ हनुमानगढ़ी के संतों महंतों ने किया। इस अवसर पर प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में 6 करोड़ भक्त स्नान करेंगे। अभी तक मेला में शाही स्नान की तिथियां तय नहीं हुई हैं। यह बात निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास ने कुंभ मेला की बैठक में शामिल होने के बाद अयोध्या लौटने पर पत्रकारों से बातचीत में कही उन्होंने बताया कि नासिक, हरिद्वार और उज्जैन कुंभ मेला क्षेत्र में भी निर्वाणी अखाड़ा के भव्य भवन बनाए जाएंगे, प्रयागराज स्थित निर्वाणी अखाड़ा का गंगा भवन भव्य होगा। अभी वहां 16 कमरे का है। वह जल्द ही भव्य शो कमरों का निर्माण किया जाएगा और प्रयागराज के घाटों तक संतों–भक्तों के पहुंचने, रहने और बिजली आदि की बेहतर व्यवस्था हो यह मांग हम बैठक में रखेंगे।संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि निर्वाणी, निर्मोही और दिंगबर अखाड़ा के कुल 1100 खालसे हैं। इनके लिए जमीन की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को दिलाने का काम अखाड़ा का है।निर्वाणी अनी अखाड़ा के महासचिव के रूप में महंत सत्यदेव दास और महंत नंदराम दास इस व्यवस्था को और बेहतर ढंग करेंगे। इससे पूर्व पहले अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी महंत सजय दास की अगुवाई में श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्यदेव दास और नंदराम दास को पुष्पहार और रामनामा से भव्य स्वागत हुआ।

# संपादकीय

## यह युद्ध का समय नहीं

यह महज संयोग है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मास्को में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वैश्विक शांति के लिए बुद्ध के उपदेशों पर चर्चा करते हुए अपनी बात को दोहरा रहे थे कि यह युद्ध का समय नहीं है, लगभग उसी समय वाशिंगटन में अमेरिका की अगुवाई वाले नाटो के सदस्य देश रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में घी डालने का काम कर रहे थे।

उनका विश्वास है कि रूस युद्ध का समर्थक है और उसने यूक्रेन पर आक्रमण किया है। इतना ही नहीं, रूस यूरोप सहित पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है।

इसलिए नाटो देशों ने घोषणा की है कि अगले एक वर्ष के दौरान यूक्रेन को 40 अरब यूरो डॉलर की सैन्य सहायता दी जाएगी। फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है जिसमें हजारों निदरेष नागरिक मारे गए हैं। यह सब जानते हुए भी अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका यूक्रेन को अभी तक 50 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता दे चुका है। हाल में उसने घोषणा की है कि वह 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा। इसका उद्देश्य रूस की चुनौतियों का सामना करना है। इसका स्पष्ट मतलब है कि अमेरिका और पश्चिमी देश नहीं चाहते कि शांति वार्ता की मेज पर एक साथ बैठ कर विमर्श करें। राष्ट्रपति पुतिन इस संकेत से अनजान नहीं हैं। शायद इसीलिए उन्होंने पिछले महीने स्विटजरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में शामिल होने से इंकार कर दिया।

पश्चिमी देश पुतिन को आक्रमणकारी और रक्त पिपासू ठहराते हैं लेकिन यह सच नहीं है। वस्तुतरू यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की घोषणा के कारण पुतिन को अपने पड़ोसी पर हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सही मायने में नाटो का विस्तार रूस की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है।

चीन का भी ऐसा ही मानना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर को 19वीं सदी की उस ऐतिहासिक वियना कांग्रेस की याद दिलाई जिसने यूरोप में शांति और स्थिरता कायम करने में महती भूमिका निभाई थी।

चांसलर नेहमर को विश्वास है कि भारत रूस–यूक्रेन शांति प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन हकीकत यह है कि इस शांति प्रक्रिया में नाटो को आगे आना होगा वरना पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की चपेट में आ सकती है।

## अवकाश भलाई की तरफ लिया गया कदम

महीने के वे दिन, कई बार इससे ज्यादा कहने की जरूरत नहीं होती। जब से से एक लड़की का मासिक धर्म शुरू होता है, उसी समय से उसके दायरे भी तय होने शुरू हो जाते हैं।

बड़े होते–होते अक्सर हर महिला अपने आप को उन मापदंड पर आंकती है जो उसके लिए समाज तय करता है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि महिलाओं से संबंधित समस्या का समाधान अक्सर हमारे समाज के पुरुष वर्ग करते हैं। यह किसी फेमिनाजी सोच का हिस्सा नहीं है बल्कि सदियों से चली आ रही रूढ़िवादिता की सच्चाई है। हम एक पितृसत्तात्मक समाज हैं और वर्षो से हमारी मानसिकता, महिलाएं इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में खुद को साबित करने की होड़ में है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया की वह मासिक धर्म अवकाश नीति (रूद्गठ्ठह्यह्लह्म्ह्वड्डद्य रुद्गड्ड1द्ग क्कशद्यद्बष्4) पर दुबारा सोचे क्योंकि उनको यह आशंका है कि ऐसी नीति कंपनियों द्वारा पसंद नहीं की जा सकती है। कोर्ट का यह मानना है की आने वाले समय में यह महिलाओं के लिए और मुश्किल खड़ी कर सकता है। इसके बारे में मैंने कार्यरत महिलाओं से उनकी राय पूछी और मुझे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। कुछ ने कोर्ट के इस फैसले का समर्थन किया और कुछ और ने जोर–शोर से मासिक धर्म अवकाश को अपनी जरूरत बताया। मुझे हैरानी तब हुई जब कुछ महिलाओं ने मासिक धर्म अवकाश का विरोध भी किया। उनका मानना यह था कि लोग इसका फायदा उठाएंगे। फायदा उठाने का मतलब दो परिप्रेक्ष्य से देखा जा सकता है– एक जिन महिलाओं के लिए यह नियम निकल रहा है वह शायद बिना जरूरत के भी इसको छुट्टी मनाने के लिए इस्तेमाल करेंगी और दूसरा संस्थाएं इसको बहाना बना कर महिलाओं को काम पर ना रखने की एक और वजह ढूंढ लेंगे।

चलिए इससे पहले कि मैं अपनी राय इस बारे में दूं कुछ तथ्य देख लेते हैं–

? वर्ल्ड इकनोमिक फोरम की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2021 से पता चलता है कि लैंगिक समानता हासिल करने में 135.6 साल और लगेंगे। वैसे ही अभी के आकड़ों के अनुसार पुरुषों की कमाई के हर डॉलर पर महिलाओं को 84 सेंट मिलते हैं और कार्यबल में उनकी भागीदारी कम है ।

? अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखें तो स्पेन, जापान और इंडोनेशिया सहित कई देश मासिक धर्म अवकाश प्रदान करते हैं, स्पेन सशुल्क अवकाश प्रदान करने वाला पहला यूरोपीय देश है।

? भारत में जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियों ने मासिक धर्म अवकाश नीतियां शुरू की हैं, जबकि बिहार और केरल ने राज्य–स्तरीय नीतियां लागू की हैं। केरल विश्वविद्यालय छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश भी प्रदान करता है।

यह तथ्य क्यों जरूरी है? ऐसा माना जा रहा है अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश कंपनियों को महिलाओं को काम पर रखने से और हतोत्साहित कर सकता है। मासिक धर्म वाली महिलाओं के लिए शविशेष दर्जाच्च की पुष्टि करने से उस सामाजिक सोच को बल मिल सकता है जो मासिक धर्म को महिलाओं की कमजोरी की तरह देखता है।

जब महिलाओं से पूछा गया कि क्या मासिक धर्म अवकाश उनकी सहायता करेगा, काफी महिलाएं इसके समर्थन में थी। कारण साफ था कि वह भुक्तभोगी हैं। मासिक धर्म के दौरान किस तरह की परेशानिया होती है इसका उनको अच्छे से आभास था। इसमें एक और बात ध्यान देने योग्य है–हर महिला को एक ही तरह का अनुभव नहीं होता। बेंगलुरू की डॉ. प्रेमलता का कहना है, श्अच्छा सुझाव है, लेकिन जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह सभी महिलाओं के लिए समान नहीं है। समय, प्रवाह, अवधि, दर्द आदि। गर्भवती महिलाएं इसका उपयोग नहीं कर सकती हैं, रजोनिवृत्त महिलाएं, शल्य चिकित्सा या अन्य इसका उपयोग नहीं कर सकती हैं। वैकल्पिक छुट्टी बेहतर हो सकती है। आईटी कर्मचारी मानसी (बदला हुआ नाम) ने कहा, श्मुझे लगता है कि यह जरूरी है। मुझे बहुत ज्यादा रक्तस्राव और कमजोरी और चक्कर आते हैं। हमेशा से मेरी इच्छा रही है कि महिलाओं के लिए महीने में कम–से–कम एक दिन की छुट्टी होनी चाहिए। इसके बजाय यह मासिक वैकल्पिक छुट्टी होनी चाहिए। जिन लोगों को इसकी जरूरत है वे इसे ले सकते हैं और जिन्हें इसकी जरूरत नहीं है वे काम करना जारी रख सकते हैं।य भार्गवी (बदला हुआ नाम) ने इस पर एक नियोक्ता की दृष्टि से अपनी राय दी। शनियोक्ता के दृष्टिकोण से, कल्पना करें कि महीने में 1 या 2 अवकाश देने से साल में 12 से 24 छुट्टियां हो जाएंगी। साल में 96 से 192 उत्पादक घंटों का नुकसान। वे शायद किसी पुरुष कर्मचारी को काम पर रखना पसंद करें।

# पाखण्डी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल

अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय–समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है।भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू–टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू–टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज–शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाई करने की। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले–भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु–संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक–दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन



बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वर्तमान में धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन–व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा। अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय–समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति–नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत–महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत–महात्मा–मुल्ला–मौलवियों व पीर–पगारों के छद्म–पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धर्मगुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे–बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है। धर्मगुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धर्मगुरुओं के इर्द–गिर्द ठाट–बाट और राजा–महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथाकथित धर्मगुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी–बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धर्मगुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चौनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए। एक बड़ा पंथ चलाने वाले राम–रहीम ऑर्गेनिक उत्पाद खिलाकर देश को सेहतमंद बनाने की तमन्ना रखते हैं। ये एक ऐसी लंबी सूची है जिसमें वर्तमान के लगभग सभी चर्चित धर्मगुरु ऐसे ही व्यावसायिक कार्यों और लाभकारी इकाइयों से जुड़े हैं। व्यावसायिक लाभों के लिए राजनीतिक और व्यावसायिक नेटवर्क रखने के साथ–साथ बड़ी संख्या में धार्मिक अनुयायी रखना इन तथाकथित धर्मगुरुओं की परंपरा रही है। राजनीति पर धर्म के अनुशासन की बात उचित है, लेकिन धर्मगुरुओं को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए, इस बात की जरूरत सर्वाधिक है। अपनी लोकप्रियता के बल पर कुछ धर्मगुरु भारतीय राजनीति के बदलते दौर में कुछ सीटें जीतकर सामने आए हैं। धर्मगुरु से राजनीतिज्ञ बन जाने की ये घटनाएं न केवल धर्मक्षेत्र के लिए बल्कि राजनीति के लिए भी घातक हैं। जहां धर्मगुरुओं के अनुयायी अधिक संख्या में हैं, उन क्षेत्रों में वे स्वयं जीतें न जीतें, वहां के परिणाम को प्रभावित कर ही सकते हैं। उनका यह असर किस दिशा में होगा? कौन सी बड़ी ताकत को लाभ मिलेगा? यानी राजनीति एवं राजनेताओं पर इन धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का गहरा प्रभाव एवं वर्चस्व भी अनेक विसंगतियों का कारण बना है। हाथरस में सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि 'बाबा' के तथाकथित सत्संग में 121 लोगों की मौत का कारण बना। ऐसे फर्जी एवं तथाकथित चमत्कारी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में महिलाएं एवं दलित बड़ी संख्या में हैं। भगदड़ एवं अन्य हादसों की स्थिति में यही लोग मारे जाते हैं। प्रश्न है कि ढोंगी एवं पाखण्डी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क–बुद्धि एवं विवेक से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? ये विडंबनापूर्ण स्थितियां हैं।

जनता की कमजोरी के कारण ही कभी हमारे यहां धर्म की राजनीति में घुसपैठ होती रही है तो अब आर्थिक गतिविधियों से उनका गठबंधन हो रहा है।

जब–जब ऐसी स्थितियां हुई हैं, तब–तब धर्म और धर्मगुरु अपने विशुद्ध स्थान से खिसके हैं। खिसकते–खिसकते वे ऐसी डांवाडोल स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां धर्म को अफीम कहा जाने लगा है।

# मनोबल बढ़ाकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में भाजपा



उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था किंतु अधूरा रह गया और भाजपा को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। स्थिति इतनी प्रतिकूल हो गई कि अयोध्या विधानसभा सीट वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक है भाजपा को गहरा धक्का लगा और पारस्परिक आरोप प्रत्यारोप, और मीडिया हलचल के बीच अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। बिल्ली की तरह योगी–मोदी के मध्य संबंधों के खराब होने का छींका टूटने की आस में बैठे विरोधी अति उत्साह में घूमने लगे, बड़े–बड़े बयान देने लगे। इस पूरी मीडिया हलचल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शांत भाव से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने काम में लगे हैं, प्रदेश के विकास को गति देने के लिए, जनता की जनसमस्याओं को हल करने के लिए और साथ ही पार्टी की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर स्वयं ही धरातल पर उतरकर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी मंडल व जिला अध्यक्षों तथा विधायकों से मिलकर पराजय की गहन समीक्षा कर रहे हैं, जिसमें वह पूछ रहे हैं कि 2019 और 2022 में हमारी विजय का आधार क्या था और 2027 में पीछे रहने का क्या कारण है ? कार्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदा की तरह पूरी कर्मठता से सक्रिय हैं। हाथरस की भीषण दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस में थे और बाढ़ क्षेत्रों में नाव से सर्वेक्षण करते हुए पीड़ितों के बीच पहुंच रहे हैं। कई अफवाहों की धुंध के बीच लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यसमिति की इस बैठक से पहले भाजपा के महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर पराजय के कारणों की गहन समीक्षा करने के साथ ही सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया था। प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक से स्पष्ट सन्देश दिया गया है कि प्रदेश में आगामी सभी चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। स्वाभाविक है कि इससे आप नेता अरविंद केजरीवाल, सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस और भाजपा के अंदर बैठे कुछ गुटबाज निराश हो गये हैं। पार्टी के बाहर हों या अन्दर योगी विरोधियों को अब इस सपने से बाहर आना होगा कि उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाया जा रहा है। यह बात अलग है कि आने वाले दिनो में यूपी मंत्रिमडल का विस्तार और फेरबदल आदि हो सकता है और वह जो भी होगा वह इंडी गठबंधन की रणनीतियों को ध्यान में रखकर होगा। कुछ सीटों पर पराजय से प्रदेश की भाजपा सरकार व उसका विकास का एजेंडा बैकफुट पर नहीं जाने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार समग्र विकास के एजेंडे के साथ हिन्दुत्व के मुद्दे पर भी मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें एससी व ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई । भाजपा की डबल इंजन सरकार ने एससी व ओबीसी के लिए जो कार्य किये हैं उनके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्ताव में संविधान पर भी चर्चा की गई और कहा गया है कि हमारी सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। हम संविधान को सिर्फ राजकाज का हिस्सा नहीं मानते संविधान जनचेतना का हिस्सा हो इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारम्भ किया है। कार्यसमिति में भाजपा को अपेक्षित सफलता न मिल पाने का एक कारण विपक्ष का झूठा प्रचार भी बताया गया है। भाजपा के प्रस्ताव में सपा पर निशाना साधा गया और कहा गया कि विपक्ष में होने पर पिछड़े दलितों वंचितो के हितैषी होने का ढोंग करने वाले सपाई जब सत्ता में होते हैं तब असली रंग दिखाते हैं। सत्ता में रहते हुए प्रमोशन में आरक्षण समाप्त करने का कार्य करते हैं। भाजपा कार्यसमिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान की कड़ी निंदा की गई और कहा गया कि राहुल के बयान से हिंदू समाज आहत है जिसके लिए उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। एक अन्य प्रस्ताव में प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले सभी 10 उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया साथ ही 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाने की अपील की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने तीन माह के कार्यक्रम भी घोषित कर दिये गये हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में ना आये।

वृष राशि आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यवस्थित और मन मुताबिक तरीके से बीतेगा। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें।

मिथुन राशिरू आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।

कर्क राशिरू आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। सभी काम आपके मन– मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी उलझन हो सकती है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए, बेहतर रहेगा की आप सभी पहलुओं को पर विचार करें।

सिंह राशि आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा–सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे। आज किसी आयोजन में आप व्यस्त रहने वाले है। लोग आपसे कुछ सीखना चाहेंगे।

कन्या राशि आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। परिवार के लोग आपके लिए मददगार होंगे।

तुला राशिरू आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। रुके हुये कुछ खास काम, आज पूरे होंगे इससे आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिये की गयी कोशिशों का भी अच्छा परिणाम मिलेगा। आज कोई चीज कहीं रखकर आप भूल सकते हैं

वृश्चिक राशि आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आज आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज हर बात समझने की कोशिश करेंगे। आज दोस्तों का सहयोग मिलेगा। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं। रिश्तों के मामलों में नयापन आ सकता है।

धनु राशि आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा–पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे।

मकर राशि आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। आज आप छोटी–छोटी बातों में भी खुशियां ढूढ़ने में सफल होंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ राशि आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

मीन राशि आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता–पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट मिलेगा। बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स भी आपके साथ खड़े रहेंगे।

# थके हुए राष्ट्रपति बाइडेन, ज्यादा नींद की जरूरत, कहा– रात 8 बजे के बाद काम नहीं कर पाऊंगा



पिछले महीने की राष्ट्रपति पद की बहस में उनके लड़खड़ाते प्रदर्शन की आलोचकों ने कड़ी आलोचना की। डिबेट के दौरान जो बाइडेन अपनी बात बोलते–बोलते नींद में आ गये थे और उनकी आवाज लड़खड़ाने लगी। अमेरिकी राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडेन ने स्वीकार किया है कि उम्र के लिहाज से उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता और उन्हें पर्याप्त नींद व आराम की जरूरत है। जो बाइडेन ने डेमोक्रेटिक गवर्नरों की एक सभा में कहा कि उन्हें अधिक नींद लेने और कम घंटे काम करने की जरूरत है। वो जल्दी थक जा रहे हैं। इसके साथ ही बाइडेन ने कहा कि रात 8 बजे के बाद वो कोई काम नहीं करना चाहते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, यह बात एक बैठक के दौरान कही गई। इस बैठक का उद्देश्य दो दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण समर्थकों को उनकी भूमिका के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ जोरदार अभियान में शामिल होने की तत्परता के बारे में आश्वस्त करना था।पिछले महीने की राष्ट्रपति पद की बहस में उनके लड़खड़ाते प्रदर्शन की आलोचकों ने कड़ी आलोचना की। डिबेट के दौरान जो बाइडेन अपनी बात बोलते–बोलते नींद में आ गये थे और उनकी आवाज लड़खड़ाने लगी। इन चिंताओं के बावजूद, बाइडेन ने गवर्नरों के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि राष्ट्रपति पद की दौड़ में बने रहने के लिए दृढ़ हैं। सूत्रों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडेन ने अपने हालिया प्रदर्शन के मुद्दों के लिए अपनी व्यापक अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि इसकी एक बड़ी वजह यह है कि वे कुछ दिन पहले ही यूरोप के कई देशों की यात्रा से लौटे थे और काफी थके थे। इसलिए डिबेट के लिए पूरी तरह से मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। बैठक के दौरान, बाइडेन ने अपने स्वास्थ्य के बारे में मजाक उड़ाते हुए कहा कि मैं ठीक हूँ – हालाँकि, मैं अपने मस्तिष्क के बारे में नहीं जानता। उनके अभियान अध्यक्ष, जेन ओश्मैली डिलन ने बाद में स्पष्ट किया कि वह मजाक कर रहे थे। बाइडेन द्वारा अपना अभियान जारी रखने के बारे में कुछ गवर्नरों की निजी चिंताओं के बावजूद, किसी ने भी सीधे तौर पर यह सुझाव नहीं दिया कि उन्हें दौड़ से बाहर हो जाना चाहिए। हालाँकि, एक अन्य अवसर पर बाइडेन ने कथित तौर पर सहयोगियों के सामने स्वीकार किया है कि वह जानते हैं कि अगर वह बहस के बाद मतदाताओं के सामने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो वह दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी नहीं बचा पाएंगे।

# पेजेशकियान, जलीली ने डाला वोट, मतदान के बाद आगे क्या ?





मतदाताओं को कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन और लंबे समय से संसद सदस्य मसूद पेजेशकियान के बीच चुनना है। पेजेशकियान, ईरानियों ने शुक्रवार को दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की जगह लेने के लिए चल रहे चुनाव में मतदान करना शुरू कर दिया। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमैनी के संभावित उत्तराधिकारी को चुनने के रास्ते में मुकाबला एक सुध ाारवादी और एक कट्टरपंथी पूर्व वार्ताकार के बीच हो रहा है। मतदाताओं को कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन और लंबे समय से संसद सदस्य मसूद पेजेशकियान के बीच चुनना है। पेजेशकियान, जलीली ने भी अपना–अपना वोट डाला। अटॉर्नी जनरल ने शुरुआती परिणाम साझा करने के खिलाफ दी चेतावनी ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी–आजाद ने गुरुवार देर रात एक संक्षिप्त बयान में कहा कि राजनीतिक हस्तियों और मीडिया आउटलेट्स को परिणामों पर आधारहीन और गैर–दस्तावेज समयपूर्व घोषणाओं से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंतरिक मंत्रालय द्वारा परिणामों की घोषणा और गार्जियन काउंसिल द्वारा पुष्टि किए जाने से पहले, कोई भी मीडिया कदम जो जनता की राय को परेशान करेगा और किसी उम्मीदवार की शुरुआती जीत का सुझाव देगा, उस पर कानूनी मुकदमा चलाया जाएगा। चुनाव के बाद क्या होगा? ईरान एक राष्ट्रपति की नियुक्ति करेगा। लेकिन इससे देश की नीतियों में बदलाव की संभावना नहीं है क्योंकि सभी महत्वपूर्ण राज्य मामलों को सर्वोच्च नेता द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हालाँकि, राष्ट्रपति देश की नीतियों को पश्चिम के साथ टकराव या बातचीत की ओर मोड़ सकते हैं और घरेलू और विदेश नीति की दिशा तय कर सकते हैं। खामेनेई ने अपने आवास से चुनाव का पहला वोट डाला, जिसमें टेलीविजन कैमरों और फोटोग्राफरों ने उन्हें मतपेटी में मतपत्र डालते हुए दिखाया। खामनेई ने कहा कि मैंने सुना है कि लोगों का उत्साह पहले से कहीं ज्यादा है। खुदा की इच्छा से लोग मतदान करते हैं और सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार को चुनते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के 61 मिलियन से अधिक ईरानी मतदान करने के पात्र हैं, जिनमें से लगभग 18 मिलियन 18 से 30 वर्ष के बीच हैं। चुनाव शाम 6 बजे (स्थानीय समय) समाप्त होने वाले हैं, लेकिन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक रूप से इसे आधी रात तक बढ़ा दिया जाता है। जैसा कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से होता आया है, महिलाओं और आमूल–चूल परिवर्तन का आह्वान करने वाले को मतदान से रोक दिया गया है जबकि मतदान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मॉनिटर की कोई निगरानी नहीं होगी।

# आस्ट्रिया की जमीन पर 41 सालों बाद भारतीय पीएम का कदम, जानें कब से शुरू होगा प्रधानमंत्री मोदी का दौरा

ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 9–10 जुलाई को ऑस्ट्रिया का दौरा करेंगे। यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। भारत से ऑस्ट्रिया की आखिरी प्रधानमंत्री यात्रा 40 साल से अधिक पहले हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी की आगामी रूस यात्रा के बारे में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री 8–9 जुलाई को 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी संघ के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर मास्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। अभी तक, प्रध ाानमंत्री का 8 जुलाई की दोपहर को मास्को पहुंचने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति पुतिन आगमन के दिन प्रधानमंत्री के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। अगले दिन, प्रधानमंत्री की बातचीत में रूस में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत शामिल होगी। कार्यक्रम के तत्वों के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की समाध ा पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद प्रधानमंत्री मास्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन मुलाकातों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक प्रतिबंधित स्तर की बातचीत होगी, जिसके बादप्रधानमंत्री और रूसी राष्ट्रपति के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 9–10 जुलाई को ऑस्ट्रिया का दौरा करेंगे। यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। भारत से ऑस्ट्रिया की आखिरी प्रधानमंत्री यात्रा 40 साल से अधिक पहले हुई थी। प्रोग्रामिंग तत्वों के संदर्भ में प्रधानमंत्री अपने औपचारिक स्वागत के अलावा, ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेंगे और



# हार गए रिषि सुनक, फिर क्यों पीएम मोदी ने उन्हें दी बधाई ?



पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ब्रिटेन की नई सरकार के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को आम चुनावों में उनकी लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। उन्होंने निवर्तमान प्रध ाान मंत्री ऋषि सुनक की भी उनके नेतृत्व को बधाई दी। स्टार्मर की लेबर पार्टी ने गुरुवार के संसदीय चुनावों में शानदार बहुमत हासिल किया, 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में 412 सीटें हासिल कीं और 14 साल के कंजर्वेटिव शासन को समाप्त कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ब्रिटेन की नई सरकार के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं। ब्रिटेन के आम चुनावों में उल्लेखनीय जीत पर कीर स्टार्म को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने, सभी क्षेत्रों मे भारत–ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सकारात्मक औ रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं। एक अन्य ट्वीट में पीएम मोदी ने ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधान मंत्री सुनक को उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। ऋषि सुनक, यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी को इतिहास में अपनी सबसे खराब चुनावी हार का सामना करना पड़ा, जिसके लिए जीवन–यापन संकट, आंतरिक उथल–पुथल और पिछले वर्षों में पार्टी के प्रदर्शन से मतदाताओं का असंतोष जैसे मुद्दे जिम्मेदार थे।

# सत्ता की दहलीज से कुछ कदम दूर रह जाएंगी मरीन ले पेन ? फ्रांस चुनाव को लेकर क्या कहते हैं सर्वे



ओपिनियनवे ने बिजनेस दैनिक लेस इकोस के लिए 5 जुलाई को प्रकाशित एक सर्वेक्षण में कहा कि फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी आगामी संसदीय चुनावों में पूर्ण बहुमत से कम रह जाएगी।फ्रांस में संसदीय चुनाव में बड़ा उलटफेर होता नजर आ रहा है। पहले चरण के संसदीय चुनाव के बाद मरीन ले पेन के नेतृत्व में देश की धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली अपनी बढ़त से खुश नजर आ रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी इस बार तीसरे स्थान पर खिसक गई है। दक्षिणपथी पार्टी के फ्रांस की राजनीति में दिख रहे वर्चस्व ने उसे सत्ता की दहलीज तक पहुंचा दिया है। खुद मरीन ले पेन नेक कहा कि मैक्रों ग्रुप का लगभग सफाया हो गया है। बता दें कि फ्रांस में दो चरणों में हो रहा संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होगा। हालांकि अब ओपिनियनवे ने बिजनेस दैनिक लेस इकोस के लिए 5 जुलाई को प्रकाशित एक सर्वेक्षण में कहा कि फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी आगामी संसदीय चुनावों में पूर्ण बहुमत से कम रह जाएगी। रविवार को हुए मतदान में आरएन ने 205–230 सीटें जीतीं, 145–175 सीटों के साथ वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट और 130–162 सीटों के साथ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के मध्यमार्गी ब्लॉक से आगे रहे। सत्तारूढ़ बहुमत के लिए नेशनल असेंबली में 289 सीटों की आवश्यकता है।मरीन ले पेन को जीत की पूरी उम्मीद फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली की नेता मरीन ले पेन ने कहा कि उनका दल रविवार को होने वाले दूसरे दौर के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद ही सरकार का नेतृत्व करेगा। जॉर्डन बार्डेला के नेतृत्व वाली पार्टी ने 30 जून को हुए संसदीय चुनाव के पहले दौर में सबसे ज्यादा मत हासिल किए थे, लेकिन उसे इतने वोट नहीं मिले थे कि वह जीत का दावा कर सके। पेन ने सरकारी प्रसारक फ्रांस इंटर के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अगर हम काम नहीं कर सकते तो हम सरकार में जाना स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

# रिफार्म यूके पार्टी का खुला खाता, 8 प्रयासों के बाद अब ब्रिटेन की संसद में निगेल फराज की होगी एंट्री

3 अप्रैल, 1964 को इंग्लैंड के फार्नबोरो केंट में जन्मे फराज ने दक्षिण लंदन के निजी स्कूल डुलविच कॉलेज से पढ़ाई की है। साथी छात्र उन्हें विवादास्पद बयानों से छात्रों और शिक्षकों को भड़काने वाले छात्र के रूप में भी याद करते हैं।ब्रिटेन में चार जुलाई को हुए आम चुनाव की अभी तक मतगणना में लेबर पार्टी ने बहुमत के लिए पर्याप्त सीटों पर जीत हासिल कर ली है। वहीं, निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी है। अब तक सामने आए नतीजों में, रिफॉर्म यूके पार्टी के निगेल फराज ने अपनी पहली संसदीय सीट जीती। इसके बाद उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने इस चुनाव में जो हासिल किया वह बेहद खास है। कई सीटों पर हम चुनाव नहीं जीते, लेकिन दूसरे नंबर पर रहे। 3 अप्रैल, 1964 को इंग्लैंड के फार्नबोरो केंट में जन्मे फराज ने दक्षिण लंदन के निजी स्कूल डुलविच कॉलेज से पढ़ाई की है। साथी छात्र उन्हें विवादास्पद बयानों से छात्रों और शिक्षकों को भड़काने वाले छात्र के रूप में भी याद करते हैं। लंदन स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में बताया गया कि जब एक शिक्षक ने प्रीफेक्ट के रूप में उनकी नियुक्ति पर आपत्ति जताई, तो उनकी चिंताओं को उप प्रमुख ने खारिज कर दिया। 18 साल की उम्र में उन्होंने विश्वविद्यालय न जाने का फैसला किया और 1982 में लंदन मेटल एक्सचेंज में एक व्यापारी बन गए। उनकी दो बार शादी हो चुकी है और उनके चार बच्चे हैं। उनका एक समृद्ध पारिवारिक इतिहास है, जिसमें उनके दादा भी शामिल हैं। फराज के दादा ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया था और लड़ाई लड़तते हुए घायल भी हुए थे। फराज का राजनीतिक सफर उतार चढ़ाव वाला रहा है। एक कंजर्वेटिव के रूप में सफर शुरू करने वाले फराज ने 1992 में मास्ट्रिच संधि पर पार्टी छोड़ दी और यूके इंडिपेंडेंस पार्टी (यूकेआईपी) की सह–स्थापना की। वह पहली बार 1994 में ईस्टले उप–चुनाव में ब्रिटेन की संसद के लिए रेस में हिस्सा लिया लेकिन अपने प्रयास में असफल रहे। इसके बाद वह 1999 में दक्षिण–पूर्व इंग्लैंड के लिए एमईपी के रूप में यूरोपीय संसद के लिए चुने गए और 2020 तक वहां रहे। एमईपी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, वह ब्रिटिश संप्रभुता की वकालत करने और यूरोपीय संघ की नीतियों की आलोचना करने के लिए यूरोपीय संसद में एक प्रमुख आवाज बन गए। 2010 में उन्होंने तब ख्याति अर्जित की जब उन्होंने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष हरमन वान रोमपुय पर गंभीर आरोप लगाया। 2006 में वह यूकेआईपी पार्टी के नेता भी बने और विवादास्पद बयान देकर अपनी पहचान बनाई। 2010 में उनका राजनीतिक करियर लगभग समाप्त हो गया जब उनके विमान का एक्सीडेंट हो गया। उल्लेखनीय रूप से इस दौरान फराज को काफी चोटें आईं। हालांकि टूटी पसलियों और फेफड़े में छेद होने के बावजूद जीवित रहे। यूरोपीय चुनावों में यूकेआईपी को सफलता मिली 2014 के यूरोपीय चुनावों में यूकेआईपी को सफलता मिली इसने 24 सीटें और 27 प्रतिशत लोकप्रिय वोट जीते। तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को ब्रिटेन की यूरोपीय संघ की सदस्यता पर जनमत संग्रह की मांग के आगे झुकने के लिए मजबूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# दुनिया के सबसे खतरनाक आदमी को मोदी की सीधी चेतावनी, इजरायल भी खुश तो बहुत होगा आज



गरी मूल का अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस चाहता है कि दुनिया वैसे चले जैसे वो बोले। सोरोस चाहता है कि वो इतना ताकतवर बन जाए कि किसी भी देश को तोड़ दे। प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में खड़े होकर एक ऐसा ऐलान किया है जिसने दुनिया में हलचल पैदा कर दी है। पीएम मोदी को इस चुनाव में जिसने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया अब उसे दबोचने का वक्त आ गया है। पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे खतरनाक आदमी की गर्दन पकड़ ली है। ये आदमी जॉर्ज सोरोस है। विश्व के सबसे विवादित चेहरों में से एक–जॉर्ज सोरोस। कुछ के लिए इतिहासपुरूष, फाइनेंसियल गुरु और एक सफल निवेशक, एक अरबपति जो बाजारों को स्थानांतरित करने में सक्षम हैं। जॉर्ज सोरोस ने पीएम मोदी को सत्ता से हटाने की धमकी दी थी। सोरोस ने मोदी के खिलाफ एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया जिसने भारत को भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। लेकिन अब बदला लेने की बारी पीएम मोदी की है। पीएम मोदी ने पहली बार गुस्से में इस खतरनाक इको सिस्टम पर अटैक किया। दरअसल, हंगरी मूल का अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस चाहता है कि दुनिया वैसे चले जैसे वो बोले। सोरोस चाहता है कि वो इतना ताकतवर बन जाए कि किसी भी देश को तोड़ दे। सोरोस यही खतरनाक षड़यंत्र भारत के खिलाफ चला रहा है। सोरोस का ओपन सोसायटी फाउंडेशन नाम का एनजीओ भारत को तोड़ने की कोशिश में लगा है। सोरोस के इसी एनजीओ ने भारत में एक विषैला इकोसिस्टम खड़ा कर दिया है। गैर सरकारी संगठनों के अपने नेटवर्क के माध्यम से, जॉर्ज सोरोस ने बुद्धिजीवियों के एक वर्ग को विकसित किया है जो भारतीय राज्य, विशेष रूप से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी सरकार का विरोध करने की दिशा में काम करते हैं। मीडिया को फंडिंग करने के अलावा, ओपन सोसाइटी फाउंडेशन वामपंथी झुकाव वाले बुद्धिजीवियों के लिए भी मददगार रहा है, जिन्होंने लगातार मौजूदा सरकार के खिलाफ बयानबाजी की है। 016 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन को भारत सरकार द्वारा निगरानी सूची में रखे जाने से उसे एक बड़ा झटका लगा। जिसके बाद ये साफ हो गया कि किसी भी संगठन को सीधे फंड नहीं दे सकती थी। परिणामस्वरूप, 2016 से ब्ध को भारत में थ्ब्। पंजीकृत संगठनों को पैसा भेजने के लिए गृह मंत्रालय से पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता है। खुद भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर जॉर्ज सोरोस को खतरनाक बोल चुके हैं। सोरोस और इकोसिस्टम पर अब पीएम मोदी टूट पड़े हैं। उन्होंने संसद में कहा कि इस इकोसिस्टम को चेतावनी देता हूं। इकोसिस्टम की जो हरकतें हैं, देश की विकास यात्रा को रोकने, प्रगति

# अक्टूबर में एसीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा पाकिस्तान, क्या इसमें शामिल होने इस्लामाबाद जाएंगे पीएम मोदी ?

पाक विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि मैं सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहूंगी कि पाकिस्तान ने बार–बार कहा है कि हम किसी भी गुट का हिस्सा नहीं हैं।पाकिस्तान ने को कहा कि वह अक्टूबर में एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक की मेजबानी करेगा औ समूह के सदस्य देशों के सभी शासनाध्यक्षों को आमंत्रित करेगा। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तान, एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की घूर्णन अध्यक्षता के रूप में, इस साल अक्टूबर में एससीओ शासन प्रमुखों की बैठक की मेजबानी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान में शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए निमंत्रण देगा, बलूच ने जवाब दिया कि अध्यक्षता पाकिस्तान की है, इसलिए अध यक्ष के रूप में हम एससीओ सदस्य देशों के सभी शासनाध्यक्षों को निमंत्रण देंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन व्यक्तिगत रूप से होगा और हमें उम्मीद है कि अक्टूबर में होने वाली शासनाध्यक्षों की बैठक में एससीओ के सभी सदस्यों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर शिखर सम्मेलन से पहले एक मंत्रिस्तरीय बैठक और वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें होंगी, जिसमें एससीओ सदस्य देशों के बीच वित्तीय, आर्थिक, सामाजिक–सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बलूच ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी गुट का हिस्सा नहीं बनेगा क्योंकि वह सभी देशों के साथ अच्छे संबंध रखने में विश्वास करता है। पाक विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि मैं सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहूंगी कि पाकिस्तान ने बार–बार कहा है कि हम किसी भी गुट का हिस्सा नहीं हैं।

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, महज 84 मैचों में की मिथाली राज के बड़े रिकार्ड की बराबरी

स्मृति मंधाना ने बुधवार को साउथ अफ्रीका इतिहास रच दिया। मंधाना ने महिला वनडे में सर्वाधिक शतकों के पूर्व कप्तान मिताली राज के सर्वकालिक भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 3 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक और स्ट्रोक भरी पारी में अपनी 7वां वनडे शतक पूरा किया। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने बुधवार को साउथ अफ्रीका इतिहास रच दिया। मंधाना ने महिला वनडे में सर्वाधिक शतकों के पूर्व कप्तान मिताली राज के सर्वकालिक भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 3 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में





एक और स्ट्रोक भरी पारी में अपनी 7वां वनडे शतक पूरा किया। स्मृति मंधाना ने 16 जून रविवार को एकदिवसीय सीरीज के शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में 117 रन बनाकर एक के बाद एक शतक लगाए हैं। स्मृति थ्री–फिगर स्कोर तक पहुंचने के बाद रोमांचित हो गई, उन्होंने अपना हेलमेट उतारने से पहले खुशी में हवा में मुक्का मारा और भीड़ से मिले प्यार को स्वीकार किया। वनडे में भारतीय महिलाओं के लिए सर्वाधिक शतकमिताली राज– 232 मैचों में 7स्मृति मंधाना– 84 मैचों में 7 हरमनप्रीत कौर– 132 मैचों में 5स्मृति मंधाना ने सिर्फ 103 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और वह पूरी तरह नियंत्रण में दिखीं, जिससे भारत 40वें ओवर में 200 रन के पार पहुंच गया। मंधाना को पहले पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शांत रखा, लेकिन बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने अपना जादू ढूंढ लिया और विपक्षी गेंदबाजों पर हावी हो गई।

# अफगानिस्तान के खिलाफ फार्म में लौटेंगे विराट कोहली!

## बारिश के बीच अभ्यास, रिषभ पंत नहीं आए नजर

भारतीय टीम का टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में अभियान शुरू हो रहा है। अफगानिस्तान के खिलाफ टीम बारबाडोस भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से अपना मुकाबला खेलेगी। वहीं अभी तक टूर्नामेंट के लीग स्टेज मुकाबलों में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला शांत रहा। 20 जून यानी गुरुवार से भारतीय टीम का टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में अभियान शुरू हो रहा है। अफगानिस्तान के खिलाफ टीम बारबाडोस भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से अपना मुकाबला खेलेगी। वहीं अभी तक टूर्नामेंट के लीग स्टेज मुकाबलों में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला शांत रहा। जिसके बाद फैंस अफगानिस्तान मैच के दौरान उनकी फॉर्म की वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। प्रैक्टिस में बहाया पसीनावहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले विराट कोहली ने जमकर प्रैक्टिस की और पसीना बहाया। कोहली इस दौरान अपने बड़े शॉट्स का जश्न मनाते हुए नजर आए। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट्स का भी जमकर अभ्यास किया। इसके अलावा उन्होंने स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ भी जमकर अभ्यास किया। बारिश में भी अभ्यास नेट अभ्यास के दौरान ही हल्की बारिश होने लगी जिसके बाद पिच को कवर्स कर दिया गया। हालांकि, कोहली कुछ ही देर में लौट गए। उन्होंने बारिश के बीच ही टर्फ पर अभ्यास किया। कोहली ट्रेनिंग सेशन में काफी अग्रेसिव दिखाई दे रहे थे। उन्हें देखकर ही ऐसा लगा कि ये बल्लेबाज सुपर–8 में बल्ले का दम दिखाने के लिए बेताब हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा ने भी अभ्यास किया, उन्होंने भी स्पिनर्स के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट्स का अभ्यास किया। हालांकि, टीम इंडिया के इस ट्रेनिंग सेशन में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नजर नहीं आए। इसकी वजह भी सामने नहीं आई है। वहीं बाकी खिलाड़ियों ने सेशन में पसीना बहाया। रविंद्र जडेजा, खलील अहमद के अलावा कुछ लोकल गेंदबाज भी नेट सेशन में नजर आए।





# केंसिंग्टन ओवल में गेंदबाज या बल्लेबाज में से किसे मिलेगी मदद? जानें पिच रिपोर्ट

केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में अब तक कुल 47 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं जिसमें से 30 रन डिफेंड करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में साफ है कि रिकॉर्ड को देखते हुए बारबाडोस में टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने चाहेगी। यहां पहली इनिंग का औसत स्कोर 138 रन रहा है।टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 का तीसरा मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें 20 जून यानी गुरुवार को भारतीय समय अनुसार रात 8 बजे से केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में भिड़ेंगी। मुकाबले से पहले आपको बताते हैं कि, भारत बनाम अफगानिस्तान मैच के दौरान बारबाडोस की पिच में गेंदबाज या फिर बल्लेबाज किसे मिलेगी सबसे ज्यादा मदद। केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में अब तक कुल 47 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं जिसमें से 30 रन डिफेंड करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में साफ है कि रिकॉर्ड को देखते हुए बारबाडोस में टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने चाहेगी। यहां पहली इनिंग का औसत स्कोर 138 रन रहा है।हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में यहां कि पिच बल्लेबाजी के लिए काफी बेहतर नजर आई है। ये भी जान लीजिए इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर 244 रन बना है। बारबाडोस के मैदान पर आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ग्रुप राउंड के दौरान हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 201 रन बनाए थे। दोनों टीमों का फुल स्क्वॉडभारत– रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# टीम इंडिया का खेल बिगाड़ सकते हैं ये 5 अफगान खिलाड़ी, सुपर–8 में भारत की पहली भिड़ंत



अफगानिस्तान टीम अब तक के 3 मैचों में अफगान टीम कभी भी टीम इंडिया क हरा नहीं सकी है लेकिन मौजूदा टीम को किसी भी तरह से कमजोर नहीं आंका जा सकता। अफगानिस्तान टीम अपनी लड़ाकू क्षमता के कारण आज वनडे और टी20 की मजबूत टीम बन चुकी है। वर्ल्ड कप 20233 और मौजूदा टी20 2024 की मजबूत टीम बन चुकी है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप मैचों का दौर खत्म होने के साथ ही सुपर 8 में पहुंची टीमों ने आगे की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। ग्रुप ए से टॉप पर रहकर अगले राउंड में पहुंची टीम इंडिया को अपना पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ ब्रिजटाउन में खेलना है। रोहित शर्मा ब्रिगेड के सुपर 8 के अगले दो मैच 22 जून को बांग्लादेश के खिलाफ नॉर्थ साउंड और 24 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रास आइसलेट में होने हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के पिछले देखते हुए कई फैंस पहले मैच को आसान मान रहे हैं जबकि वास्तव में अफगानिस्तान टीम मौजूदा सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, अफगानिस्तान टीम अब तक के 3 मैचों में अफगान टीम कभी भी टीम इंडिया क हरा नहीं सकी है लेकिन मौजूदा टीम को किसी भी तरह से कमजोर नहीं आंका जा सकता। अफगानिस्तान टीम अपनी लड़ाकू क्षमता के कारण आज वनडे और टी20 की मजबूत टीम बन चुकी है। वर्ल्ड कप 20233 और मौजूदा टी20 2024 की मजबूत टीम बन चुकी है। वर्ल्ड कप 2023 और मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के अबतक प्रदर्शन पर नजर डाले तो राशिद खान की टीम को हल्के में लेना सही नहीं होगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही क्षेत्रों में टीम संतुलित है और इसके कुछ प्लेयर टॉप फॉर्म में हैं। इसके अलावा वेस्टइंडीज के धीमे विकेटों पर स्पिनरों का अहम रोल रहने की संभावना है। राशिद खान, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी के रूप में अफगानिस्तान के पास इस समय संभवतरू दुनिया का सर्वश्रेष्ठ स्पिन अटैक है। इसके अलावा नबी, गुलबदीन और राशिद जैसे ऑलराउंडर टीम को और मजबूत करने का काम करते हैं। 1. रहमनुल्लाह गुरबाज22 वर्षीय इस बल्लेबाज को अफगानिस्तान का भविष्य का स्टार माना जा रहा है। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर गुरबाज टीम की जरूरत बन जाते हैं। मौजूदा टूर्नामेंट के चार मैचों में 2 अर्धशतकीय पारी की मदद से सबसे ज्यादा 167 रन बनाए हैं। साथ ही वो छक्के और चौके लगाने में भी माहिर हैं। नेचुरअल स्ट्रोक प्लेयर गुरबाज के खिलाफ भारत को प्रभावी रणनीति बनानी होगी। 2. इब्राहिम जादरानरहमनुल्लाह गुरबाज के साथ पारी की शुरुआत करने वाले जादरान इस वर्ल्ड कप में दो शतकीय साझेदारियां कर चुके हैं। जरुरत के मुताबिक बैटिंग का गेयर चेंज कर सकते हैं। आक्रामक ओपनर शहजाद की कमी की भरपाई की है। गुरबाज के साथ इनकी ओपनिंग जोड़ी टीम को कई मैचों में अच्छी शुरुआत दे चुके हैं। 3. फजलहक फारुकीइस टी20 वर्ल्ड कप में फजलहक फारुकी सनसनी बनकर उभरे हैं। 23 साल के इस लेफ्ट आर्म बॉलर की गेंदों की गति ज्यादा नहीं है लेकिन सटीक लाइन लेंथ व वेरिएशंस से बल्लेबाजों की कठिन परीक्षा ले रहे हैं। 4 मैचोंमें अब तक 6.66 के औसत और 5.58 की इकोनॉमी से सबसे ज्यादा 12 विकेट लिए हैं। जिसमें से एक पारी में पांच और एक में चार विकेट का प्रदर्शन शामिल है। 4. राशिद खान टी20 फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिनती होती है। दाएं हाथ का ये रिस्ट स्पिनर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अफगान टीम का कप्तान भी है। तेज गति की अपनी गेंदों से बल्लेबाजों को शिकार बनाने में माहिर हैं। 4 ओवर के स्पैल में ही मैच का रुख पलटने में सक्षम हैं। राशिद की गुगली को पढ़ने में बड़े–बड़े बल्लेबाज गच्च खा जाते हैं। मौजूदा टूर्नामेंट के 4 मैचों में साधारण प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट लिए हैं लेकिन कभी भी बल्लेबाजी में कमाल करने में सक्षम हैं। 89 टी20 में 14.36 के औसत और 6.07 की इकोनॉमी से 144 विकेट ले चुके हैं। इस फॉर्मेट में राशिद से ज्यादा विकेट टीम साउदी और शाकिब अल हसन ने ही लिए हैं। हालांकि, राशिद का रिकॉर्ड इन दोनों से काफी बेहतर है। बल्लेबाजी में टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। निचले क्रम के हार्डहिटिंग बैटर के तौर पर भी उपयोगी हैं। 5. मोहम्मद नबी39 वर्षीय ऑलराउंडर मोहम्मद नबी क्रिकेट करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं लेकिन मैदान पर जोश और चुस्ती–फुर्ती देखते ही बनती हैं। 125 टी20 में 6 अर्धशतक की मदद से 2140 रन बनाने के अलावा 95 विकेट इनकी ऑलराउंड क्षमता को दर्शाते हैं। भारतीय फैंस के जेहन में अभी भी वर्ल्ड कप 2019 के भारत बनाम अफगानिस्तान के मैच की याद ताजा होगी जब नबी ने दो विकेट लेने के बाद 55 गेंदों पर 52 रन की पारी खेलकर भारतीय टीम को हार की कगार तक पहुंचा दिया था।

# मार्कस स्टोइनिस का बड़ा कमाल, दुनिया के नंबर 1 आलराउंडर बने




ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बड़ा कारनामा किया है। दरअसल, वह टी20 फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गये हैं। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर–8 राउंड की शुरुआत से पहले स्टोइनिस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ये मुकाम हासिल किया। ग्रुप राउंड में स्टोइनिस ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।टी20 वर्ल्ड कप के बीच ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बड़ा कारनामा किया है। दरअसल, वह टी20 फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गये हैं। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर–8 राउंड की शुरुआत से पहले स्टोइनिस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ये मुकाम हासिल किया। मार्कस स्टोइनिस का कमालग्रुप राउंड में स्टोइनिस ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्टोइनिस ने ग्रुप राउंड में ओमान के खिलाफ नाबाद 67 रन बनाए और साथ ही तीन विकेट भी झटके। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 30 रन बनाए और एक विकेट झटका। नामीबिया के खिलाफ स्टोइनिस ने केवल 9 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, स्कॉटलैंड के अहम समय पर 59 रन की पारी खेली और अपनी टीम को बड़े उलटफेर से बचाया।स्टोइनिस ने अफगानिस्तान के ऑलाराउंडर मोहम्मद नबी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। स्टोइनिस अब 213 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पिछड़ गए हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर पहुंचे गए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा चौथे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जबकि भारत के हार्दिक पंड्या भी आठवें से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। अकील हुसैन की बड़ी छलांग गेंदबाजों की बात करें तो आदिल रशीद पहले स्थान पर काबिज हैं। हालांकि वेस्टइंडीज के अकील हुसैन ने 6 स्थानों की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हुसैन ने ग्रुप राउंड के चार मैचों में 9 विकेट झटके हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान, साउथ अफ्रीका एनरिक नॉर्खिया भी एक स्थान नीचे आ गए हैं।

# सुख–चैन छीन सकती है स्मार्टफोन की लत, शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर



जिस तरह स्मार्टफोन में हम दिन–रात खोए हैं, उससे सेहत को गंभीर और खतरनाक नुकसान पहुंच रहा है. कई रिसर्च में पता चला है कि लगातार फोन का इस्तेमाल या मोबाइल फोन के बिना एक पल भी न रह पाना नोमोफोबिया नाम की बीमारी हो सकती है. यह इतना खतरनाक है कि शरीर को बीमारियों का घर बना सकता है. नामोफोबिया स्मार्टफोन की लत को कहते हैं. दुनियाभर में हुए एक सर्वे में 84त्न स्मार्टफोन यूजर्स ने माना कि वे अपने फोन के बिना एक दिन भी नहीं गुजार सकते हैं. नोमोफोबिया का निगेटिव असर शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत पर होती है. जानिए इसकी वजह से कौन–कौन सी बीमारियां हो सकती हैं...

नामोफोबिया की वजह से होने वाली बीमारियां

1. बैक बोन पर असर

यूनाइटेड कायरोप्रेक्टिक एसोसिएशन के अनुसार, लगातार फोन चलाने से कंधे और गर्दन झुक जाते हैं, जिसकी वजह से रीढ़ की हड्डी पर बुरा असर पड़ता है.

2. फेफड़ों की समस्या

लगातार फोन चलाने से गर्दन झुक जातीहै, जिसकी वजह से शरीर को पूरी या गहरी सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. इसका फेफड़ों की सेहत पर असर पड़ता है.

3. टेक्स्ट नेक की प्रॉब्लम

फोन की स्क्रीन पर लगातार नजरें गड़ाए रखने से गर्दन के दर्द होने लगती है. जिसे टेक्स्ट नेक कहते हैं. लगातार टेक्स्ट मैसेज भेजने और वेब ब्राउजिंग करने वालों में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है.

4. कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

अमेरिकी विजन काउंसिल के सर्वे में पाया गया है कि 70त्न लोग स्मार्टफोन की स्क्रीन देखते समय अपनी आंखें सिकोड़ते हैं, जो आगे चलकर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम बन जाता है. इसमें आंखों में सूजन और धुंधला नजर आने की समस्या होती है.

5. किडनी फेल हो सकती है

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में करीब 75त्न लोग अपना स्मार्टफोन बाथरूम में लेकर जाते हैं. जिससे हर 6 में से 1 फोन पर ई–कोलाई बैक्टीरिया मिल सकते हैं. इस बैक्टीरिया से डायरिया फैलने और किडनी फेल होने की आशंका रहती है.

6. नींद की समस्या

दो घंटे तक अगर फेस के सामने स्मार्टफोन की रोशनी पड़ती है तो 22त्न तक मेलाटोनिन कम हो जाता है. जिससे नींद की समस्या शुरू हो जाती है. एक सर्वे में पाया गया है कि स्मार्टफोन के लत की वजह से 12 प्रतिशत लोगों की पर्सनल लाइफ प्रभावित हुई है.

# कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं तो सावधान हो जाइए, आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती है ये आदत



गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक्स का ट्रेंड बढ़ जाता है. हर कोई दुकान पर कोल्ड ड्रिंक्स लेकर पीना पसंद करता है. अगर आप भी ऐसा करते हैं तो सावधान हो जाइए. क्योंकि ये सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हाल ही में आई एक स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग हफ्ते में दो बार कोल्ड ड्रिंक्स या मीठे पेय पीते हैं उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 50त्न तक ज्यादा होता है.

वैज्ञानिकों ने बताया मार्केट में आसानी से उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा और मीठे पेय जैसे ऐडेड शुगर वाले ड्रिंक्स सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसकी थोड़ी सी भी मात्रा भी गंभीर और जानलेवा हो सकती है.

कोल्ड ड्रिंक्स से हार्ट डिजीज का खतरा

एक स्टडी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने पाया कि कम मात्रा में भी मीठे पेय पीना भी बहुत ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. हार्वर्ड के टीएच चौन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में फूड्स और न्यूट्रिशन रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. लोरेना पचेको ने इन ड्रिंक्स के खतरों से आगाह किया है.

1 लाख से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने वाले भी अगर हफ्ते में सिर्फ दो बार मीठे पेय पीते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 15त्न तक ज्यादा होता है. वहीं, जिन पार्टिसिपेंट्स ने हफ्ते में दो बार मीठे पेय लिए और एक्सरसाइज नहीं किया, उनमें हार्ट डिजीज का खतरा 50त्न ज्यादा देखा गया है.

अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि अगर आप किसी रूप में चीनी का ज्यादा सेवन करते हैं, तो सेहत पर गंभीर नुकसान हो सकता है. लिक्विड के रूप में यह ज्यादा हानिकारक हो सकता है. डॉ. लोरेना पचेको के अनुसार, चीनी–मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने से जितना संभव हो उतना बचना चाहिए. इससे दिल की बीमारियां ही नहीं, डायबिटीज, मोटापा और इंफ्लामेशन का रिस्क रहता है.

का कहना है कि हाई ग्लूकोज का लेवल और हाई इंसुलिन की वजह ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचने, डायबिटीज और इसकी जटिलताओं का जोखिम रह सकता है. इंसुलिन प्रतिरोध भी हार्ट डिजीज के लिए एक बड़ा रिस्क रहता है. प्रोफेसर स्टेनली सलाह देते हैं कि मीठी चीजों से खासकर एडेड शुगर से दूरी बनाकर ही रखना चाहिए.

# केंद्र समन्वयकों के सहयोग से पहुंचेगी छात्र संख्या एक लाख – कुलपति

## टेक्नोलाजी का उपयोग कर आगे बढ़ रहा है मुक्त विश्वविद्यालय

प्रयागराज (आरएनएस)। अध्ययन केन्द्र समन्वयक विश्वविद्यालय की रीढ़ हैं। केंद्र समन्वयकों के सहयोग से हम विश्वविद्यालय की छात्र संख्या को शीघ्र एक लाख तक पहुंचा सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा विविधता से परिपूर्ण है। यहां किन्नर, जेल बन्दी, ग्रामीण, नौकरी पेशा लोगों के लिए कई तरह की सुविधा उपलब्ध है। विश्वविद्यालय कौशल विकास पर आधारित कई शैक्षिक कार्यक्रमों की शिक्षा युवाओं का प्रदान कर रहा है।उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्र से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की शुक्रवार को संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने व्यक्त किये।प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें ज्ञानात्मक अध्ययन के साथ ही कौशल का भी अध्ययन कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय कौशल युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे विद्यार्थियों के पास कौशल युक्त शिक्षा होगी तो वह नौकरी के लिए दर–दर नहीं भटकेंगे। उन्होंने लोकल फार वोकल पर जोर देते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय कौशल युक्त शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को सशक्त कर रहे हैं।इस अवसर पर नामांकन अभिप्रेरण एवं प्रतिपुष्टि विषयक कार्यशाला में विचार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने दूरस्थ शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एन ई पी 2020 के अंतर्गत सभी शैक्षिक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। कार्यशाला में परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह ने कहा कि अध्ययन केन्द्रों पर भेजे जाने वाले अंक पत्रों को छात्रों को यथासमय वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ शिक्षार्थियों को अवश्य मिलना चाहिए।प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत संत अतुलानंद हिंदू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के शुक्ला ने किया।वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ सन्तोष कुमार सिंह ने क्षेत्रीय केंद्र की गतिविधियों के साथ ही कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक राहुल सिंह ने कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कार्यशाला में वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, भदोही, चंदौली एवं सोनभद्र स्थित अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ शिवकुमार, डॉ के एस पाठक, डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ अलका सिंह, रामकेश आदि ने प्रवेश में लचीलेपन एवं परीक्षा परिणाम के पश्चात अंक पत्र वितरण के संबंध में कई सुझाव दिए। कार्यशाला का संचालन डॉ गरिमा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस के सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने परिसर में वृक्षारोपण किया।

# कांग्रेस वोट और भाजपा राष्ट्र के लिए राजनीति करती है– अमरपाल मौर्य

## भाजपा कार्यकर्ताओ का सिद्धांत रहा है कि पहले देश, फिर दल और अंत में स्वयंहित-दिलीप पटेल

प्रयागराज (आरएनएस)। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। संगठन के ताकत पर केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अब झूठे फरेबियों को जनता के बीच सच्चाई बताना है चूंकि यह राष्ट्र विरोधी और राष्ट्र भक्तों के बीच की लड़ाई है उक्त बातें कांशी क्षेत्र कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने शुक्रवार को काशी क्षेत्र कार्यसमिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने आगे बताया कि 2047 में मोदी जी के विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा कर विरोधियों को मात देना हम सबका संकल्प है। अब हमें चिंता की नहीं चिंतन की आवश्यकता है।

काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने राजनैतिक प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। जिसका समर्थन क्षेत्र महामंत्री संतोष पटेल ने किया व अनुमोदन क्षेत्र महामंत्री अशोक चौरसिया ने किया।

क्षेत्रीय कार्यसमिति को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों कार्य किए। क्षेत्रीय कार्यसमिति को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच केंद्र एवं उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुए सभी चुनाव हमने जीते हैं।

वहीं समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा पहले सिर्फ कश्मीर की चर्चा होती थी। जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी तो कई ऐतिहासिक कदम उठाये गए। अब कश्मीर की चर्चा बंद हो गई है। विश्व भर में अब फिंगर की चर्चा होने लगी है। फिंगर एक से आठ तक पर कब्जे की बात हो रही है। यह भाजपा के कार्यकर्ताओ की शक्ति के कारण सम्भव हुआ। एक समय यह था जब एक गोला बारूद के लिए दुनिया के सामने भीख मांगनी पड़ती थी। अब मिसाइल की दुनिया में भारत नंबर एक पर है। कांग्रेस वोट के लिए राजनीति करती है। भाजपा राष्ट्र व समाज के लिए राजनीति करती है।इसके पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं.दीनदयाल के चित्रों पर पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर वन्देमातरम् गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया व राष्ट्रगान के साथ क्षेत्र कार्यसमिति का समापन किया गया। स्वागत संचालन काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने किया।

क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता, कमलेश कुमार, निर्मला पासवान, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री कविता यादव त्रिपाठी, गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल, महानगर जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, सांसद प्रवीण पटेल, जिला प्रभारी गंगापार उत्तर मौर्य,महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी, वाराणसी जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक राजमणि कोल वाराणसी, महानगर अध्यक्ष विद्या सागर राय, आशिष सिंह बघेल, राजेश राजभर, राकेश शर्मा, सुदामा पटेल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नागेंद्र रघुवंशी, अनिल श्रीवास्तव आदि रहें।

# बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में करें जागरूक

प्रयागराज। अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में सम्बंधित विभागों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पी0एम0 केयर योजना, स्पान्सरशिप योजना, सपोर्ट पर्सन, वन स्टाप सेन्टर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" थीम पर नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने स्कूलों के पास 100 मीटर की दूरी पर पान, गुटका आदि की दुकानों को प्रतिबंधित करने के लिए कहा है। डा0 देवेन्द्र शर्मा ने मण्डल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा है कि उसकी सूची जिला प्रोबेशन कार्यालय में 15 दिनों के अंदर उपलब्ध करायें। उन्होंने स्कूलों में प्रार्थना सभा में जाकर बच्चों को नशे के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने ड्रग विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चे नारकोटिक्स की दवाई न खरीदे, इसके लिए मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगाये जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने पोस्टरों पर हेल्पलाइन नम्बर एवं बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी लिखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में पोस्टर एवं पेंटिंग के माध्यम से ग्राम सभाओं में बच्चों को जागरूक किये जाने के लिए कहा है। अध्यक्ष ने यू–डैश पर कितने विद्यालय है, इसकी जानकारी ली। बाल यौन शोषण की समीक्षा करते हुए इससे सम्बंधित मामलों में पुलिस विभाग को सही से जांच करने के लिए कहा है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, उप निदेशक प्रोबेशन सहित अन्य विभागों के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला की अर्जी खारिज

## प्रार्थना पत्र देने के बाद नहीं हुई हाजिर

विधि संवाददाता

प्रयागराज। इंदिरा भवन के चार दुकानदारों पर बारी–बारी से बलात्कार करने का आरोप लगाने वाली महिला अदालत से गायब हो गई। मुकदमा दर्ज करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल करने के बाद कई तारीखों से कोई हाजिर नहीं हुआ। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या पांच ने पत्रावली के अवलोकन के बाद कहा कि कई तारीखों से कोई हाजिर नहीं आ रहा है। आवेदिका की अनुपस्थिति में प्रार्थना पत्र 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता बलहीन प्रतीत होता है। बलाभाव में उक्त प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।

बता दे कि शहर की एक 40 वर्षीय महिला ने इंदिरा भवन के चार दुकानदारों प्यारे उस्मानी, शेख डाबर वकील, आमिर अंसारी व सलीम के खिलाफ उक्त अदालत में मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए दफा 156 (3) के तहत अर्जी देकर आरोप लगाया था कि 30 अक्टूबर23 को वह अपना मोबाइल बनवाने इंदिरा भवन गई थी, तभी घर पर फोन पर बात कर बताया कि उसे झूसी अनवर मार्केट जाना है। जिसे दुकान पर बैठा प्यारे उस्मानी सुन रहा था। उसने कहा उसे भी झूसी जाना है छोड़ देगा। प्रार्थनी उसके साथ जाने को तैयार हो गई तभी दुकान मालिक शेख डाबर वकील भी वहां जाने को तैयार हो गया। अच्छे व्यवहार के कारण करीब 2 बजे वह उसके साथ चली गई। फिर दोनों ने उसे कोल्डिंक दिया। जिसे पीकर उसे नशा हो गया। आलोपी बाग पहुंचते ही दो व्यक्ति जो उनके परिचित थे आकर बैठ गए और अश्लील बातें करने लगे। मना करने पर शांत रहने को कहा। आपस में बात से पता चला कि एक आमिर अंसारी व दूसरा व्यक्ति सलीम था। फिर उसे कसकर पकड़ लिया और कहा कि जो कहते हैं करो नहीं तो नदी में मार कर फेंक देंगे। उसके बाद गाड़ी गंगा नदी की तरफ मोड़कर सुनसान जगह पर ले गए और बारी–बारी से सभी ने जबरन बलात्कार किया और वीडियो भी बना लिया। बेहोश होने के कारण उसे वही छोड़कर भाग गए। 1घंटे बाद होश आने पर सड़क की तरफ गई तभी एक व्यक्ति ने उसे पुल के पास जी टी रोड पर छोड़ा। घटना के बाद थाने गई तो एफआईआर नहीं लिखी गई। प्रार्थनी ने अदालत में अर्जी देने के बाद आरोप तो लगाया पर अपनी बातों को रखने के लिए अदालत से गैर हाजिर रही। जिस पर अदालत ने उसकी अर्जी को बलहीन मानते हुए खारिज कर दिया।

# वृहद् वृक्षारोपण के लिए कुंभ नगरी प्रयागराज तैयार

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। शहर में हरित पट्टियों का विकास और सघन वृक्षारोपण इसी का हिस्सा है जिसे लेकर सरकारी मशीनरी भी सक्रिय हैं। प्रयागराज में 20 जुलाई को होने वाले वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी सरकारी विभागों की तरफ से तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

मानसून के आगमन के पहले ही कुंभ नगरी प्रयागराज को हरित प्रयागराज के रूप में विकसित करने की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अभियान के नोडल अधिकारी प्रयागराज के डीएफओ अरविंद कुमार का कहना है कि प्रयागराज में इस अभियान के अंतर्गत इस साल 75 लाख, 77 हजार 323 पौधो रोपित करने का संशोधित लक्ष्य तय किया गया है। जिले के सभी 24 से अधिक सरकारी विभागों का भी लक्ष्य तय किया जा चुका है। जिले में वन विभाग की तरफ से इस अभियान में इस साल 22 लाख 46 हजार 503 पौधे रोपित किए जाएंगे। वन विभाग के अलावा जिले में ग्राम्य विकास विभाग 30 लाख 84 हजार 282, कृषि विभाग 5 लाख 9 हजार, उद्यान विभाग 3 लाख 69 हजार, पर्यावरण विभाग की तरफ से 2 लाख 27 हजार और राजस्व विभाग के लिए 2 लाख 51 हजार का लक्ष्य तय किया गया है। प्रधानमंत्री के आवाहन पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के दृष्टिगत 20 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश व जनपद के लक्ष्य में वृद्धि कर दी गयी है। प्रदेश का वृक्षारोपण हेतु संशोधित लक्ष्य 36 करोड़ 50 लाख एवं जनपद प्रयागराज का नया लक्ष्य 75 लाख 77 हजार कर दिया गया है। डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार का कहना है कि सभी विभागों को उनके नए लक्ष्य से अवगत करा दिया गया है।

## जागरण सम्राट किशन मेहता का निधन कलाकारों में अपूर्णीय क्षति – मनीष

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज से लेकर देश के कोने कोने में भगवती जागरण की अलख जगाने वाले जागरण सम्राट किशन मेहता का आज दारागंज घाट पर अंतिम संस्कार प्रयागराज के सभी कलाकारों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज कलाकार एसोसिएशन ट्रस्ट के द्वारा 2 मिनट का शोक रख कर दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रयागराज के वरिष्ठ कलाकार रवि नादान ने कहा की ये हम कलाकारों के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसको कभी पूर्ण नहीं किया जा सकता। इस अवसरपर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष कुमार पटेल ने अपनी शोक संवेदना में कहा की आज प्रयागराज जागरण की दुनिया के पुरोधा का अंत हो गया। गुरूजी स्वर्गीय किशन जी मेहता हम कलाकारों के प्रेरणा श्रोत थे।

उक्त सभा में काशी गुप्ता, ज्ञान शाक्य, शतीश शाक्य, राज अग्रहरी, गोलू गुप्ता, जीतेन्द्र बजरंगी, श्याम दरबार, आदित्य सहगल, विक्रम तूफानी, गजेंद्र सिंह आदि कलाकार उपस्थित रहे।

## पीडीए पौधरोपण अभियान में सपा नेताओं ने लगाया नीम का पेड़

प्रयागराज (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पी डी ए पौधरोपण अभियान में सपा नेताओं ने आज शहर के बालसन पार्क में नीम का पौध लगाया। इस मौके पर सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि वर्तमान में देश में पर्यावरण को बचाने का सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। विकाश के नाम पर अधाधुंध पेड़ काटे गए जिससे शुद्ध हवा एवं वर्षा जल संकट आसन्न है। पेड़ प्रकृति का अहम् हिस्सा है। जो बिना किसी भेद भाव के अपने उत्पाद को समान रूप से बिखेरता है। नेता द्वय ने अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने पर बल दिया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सैयद इफ्तेखार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव, संतलाल वर्मा, आर एन. यादव, रविन्द्र यादव, दान बहादुर मधुर, सचिन श्रीवास्तव, युवराज सिंह, पवन यादव, जीतराज हेला, पार्थ यादव, बंटी सिंह, एन पी सिंह, देवी दयाल पाल, राजकुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

## रेलगांव क्लब को पूरे अंक

प्रयागराज (आरएनएस)। रेलगांव क्लब ने आशीष नेहरा क्लब को 18 रन से हराकर रविकांत अंडर–16 समर लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

रेलगांव क्लब ने शुक्रवार को अपने मैदान पर 34.2 ओवर में 154 रन (हार्दिक त्रिपाठी 27, सतेंद्र यादव 23, विनय यादव 20, अनय प्रताप 3҈22, ऋतुराज यादव 2҈26) बनाये। जवाब में आशीष नेहरा क्लब की टीम 32.1 ओवर में 136 रन (आनंद कुमार यादव 29, आर्य श्रेष्ठ 22, राज विश्वकर्मा 3҈08, अक्षत प्रताप 3҈29, हार्दिक त्रिपाठी 2҈28) पर सिमट गई। मैच में मो. आरिफ व रवि केसरवानी अंपायर और अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

## सेंट पीटर्स की जीत में सानिध्य चमके

प्रयागराज (आरएनएस)। सेंट पीटर्स क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को सात विकेट से हराकर स्वर्गीय अमृत लाल अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में वामहस्त स्पिनर सानिध्य श्रीवास्तव की गेंदबाजी (5–1–15–5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब की टीम 19 ओवर में 88 रन (सत्यम केसरी 29, लकी मौर्य 17, सानिध्य श्रीवास्तव 5҈15, कार्तिकेय वर्मा 2҈21, ईशान सिंह 2҈27) बनाये। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 91 रन (लक्ष्य यादव 36 नाबाद, रोशन कुशवाहा 29 नाबाद, आयुष वर्मा 2҈24) बना लिए। सानिध्य श्रीवास्तव को संजय पाल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं को किया जागरूक

प्रयागराज (आरएनएस)। आज स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज प्रयागराज में समाज सेविका पूर्वीका अग्रवाल और विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना सिंह सेंगर के नेतृत्व में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में विद्यालय की सभी कक्षाओं की छात्राओं का निशुल्क परीक्षण कराया गया। छात्राओं को इस अवसर पर विभिन्न रोगों और उनसे बचाव के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्वच्छता और हाईजीन के विषय में भी जागरूक किया गया। छात्राओं के अभिभावकों द्वारा इस अभियान की टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। आयोजन सृजन जन सेवा समिति के तत्वावधान में सृजन हॉस्पिटल की निदेशक डॉक्टर मेहा अग्रवाल के सहयोग से हुआ।

## भूजल संरक्षण के संदेश के साथ निकाली गयी प्रभात–फेरी

मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रयागराज। भूजल सप्ताह के आयोजन के क्रम में शुक्रवार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के तत्वाधान में जल संरक्षण का करो प्रयास–जल ही है जीवन की आसश् विषय बिन्दु पर केन्द्रित प्रभात–फेरी को चन्द्रशेखर आजाद पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी हिन्दु हास्टल, मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चौराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुयी, जिसमें भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभाग के कार्मिकों एवं स्वयं सेवी संगठनों ने प्रतिभाग किया। भूजल संरक्षण को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु भूगर्भ जल विभाग द्वारा स्थापित करायी गयी सेल्फी प्वांइट पर प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी ली गयी।

## रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए रोड मैप तैयार

प्रयागराज (आरएनएस)। वृहद् स्तर पर हो रहे इस वृक्षारोपण के बाद रोपित पौधों की सुरक्षा की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। डीएफओ प्रयागराज के मुताबिक रोपित पौधे या पौध स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं जियो टैगिंग तत्काल कराई जाएगी। समस्त पौधारोपण की स्थलीय समीक्षा डिजिटल माध्यम से की जाएगी। यह जिम्मेदारी पौध रोपण करने वाले विभाग को दी गई है।

## नगर वन स्थापना में भी होगा पौध रोपण

प्रयागराज। प्रयागराज में बढ़ते तापमान, कम होती वर्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर वन परियोजना को मंजूरी मिली है। डीएफओ अरविंद कुमार का कहना है कि इसके अंतर्गत शहर के नैनी के पास यूपीसीडा की तरफ से बसाए जा रही सरस्वती हाइटेक सिटी में 20 हेक्टेयर में 88 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। तीन करोड़ 20 लाख की लागत से इसे हरित पट्टी में बदला जाएगा। यहां 20,21और 22 जुलाई को पौधे रोपित होंगे। यहां रोपित इन पौधों में ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। पौधों की रखवाली के लिए 30 चौकीदार भी नियुक्त किए जाएंगे।

## एक पेड़ अवश्य लगाएं- प्रो गीतांजलि मौर्य

प्रयागराज (आरएनएस)। एक पेड़ मां के नाम एवम् वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 19.7.2024 को कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य द्वारा नीम का पेड़ लगाकर शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, जामुन नीम, गोल्ड मोहर का पेड़ लगाया गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर विश्वनाथ,श्रप्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रोफेसर श्री प्रकाश तिवारी, प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी, प्रोफेसर कमलेश सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अनुराग त्रिपाठी, डॉक्टर मनोज कुमार सिंह, निशांत श्रीवास्तव, राकेश कुमार, लाल जी एवं छात्र–छात्राओं ने वृक्षारोपण में अपना सक्रिय योगदान दिया।

## बालक, पुरूष जिला स्तरीय योगासन का ट्रायल 21 जुलाई को

प्रयागराज (आरएनएस)। योगासन भारत पूर्व नाम नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन एवं उत्तर प्रदेश योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय पुरुष योगासन ट्रायल 21 जुलाई को रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज मुखर्जी रोड राजापुर प्रयागराज में प्रातः 8रू00 बजे से होगा। योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर योगासन भारत (पूर्व नाम नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन एन वाई एस एफ) का गठन किया गया है।योगासन भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है।और वर्ल्ड योगासन से संबंध है इसके साथ–साथ योगासन भारत को इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा एसोसिएट मेंबर की सदस्यता भी प्राप्त है योगासन खेल को खेलो इंडिया नेशनल गेम में भी सूचीबद्ध कर लिया गया है। सचिव धर्मेंद्र मिश्र जिला योगासन खेल संघ प्रयागराज के अनुसार ट्रायल 6ठीं आयु वर्ग व 6 वो ही ग्रुप में बालक पुरूष वर्ग में होगी पहला 9 से 14 वर्ष तक दूसरा 14 से 18 वर्ष तक तीसरा 18 से 28 वर्ष तक चौथा सीनियर ए 28 से 35 वर्ष तक पांचवा सीनियर बी 36 से 45 वर्ष तक छठवा सीनियर सी 46 से 55 वर्ष तक एवं पैरा खिलाड़ी (विकलांग) प्रतिभागी भी भाग ले सकते है।

## वृक्षारोपण कागजी न हो कर धारातल पर उगें– रेवती

### मुख्यमंत्री को पत्र व मण्डलायुक्त से वार्ता

प्रयागराज (आरएनएस)। पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि प्रयागराज में सड़क चौडीध्करण के नाम पर लाखों पेड़ काट दिऐ गये। जिससे विगत कुछ वर्षों में शहर के तापमान में जबरदस्त वृद्धि दर्ज हुई हैं। अभी जून के महीने में प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाला शहर प्रयागराज था। इतना ही नहीं शहर में अवर्षण की स्थिति बनी हुई हैं। हर जगह वर्षा हो रही हैं लेकिन प्रयागराज शहर में बरसात का नामोनिशान नहीं। गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। इस लिए वृक्षारोपण कागजी या फिर फोटोज तक ना सीमित रह कर जमीन पर दिखें उसकी जबाबदेही तय करनी होगी। सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मण्डलायुक्त प्रयागराज से टेलीफोन वार्ता कर शिकायत किया कि महात्मा गांधी सहित कई सड़कों की हरियाली उजाड़ कर पत्थर लगायें जा रहे हैं जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इसलिए पत्थर की जगह पेड़ लगायें जाये और चौड़ी हुई सड़कों के दोनों तरफ आम, महुआ, इमली आदि के पेड़ लगायें जाय जो भारी मात्रा में कार्बन को सोख कर आक्सीजन देने का कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि पेड़ धरातल पर बने रहे इसकी भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।कागजी वृक्षारोपण ना हो क्योंकि दिनप्रतिदिन पर्यावरण संतुलन की स्थिति बद से बत्तर होती जा रही हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।